Sarthak

According to the New Syllabus of UPBTE

Concept of Programming Using 'C'

Rajiv Prasad



Jai Prakash Nath Publications
Meerut

Sarthak

According to New N.S.Q.F. Syllabus approved by UPBTE

Concept of Programming Using 'C'

For the Students of

First Year (Second Semester)
Diploma CS & IT

Name ⇒ Anurag Kumar
Subject ⇒ Concept of Programming using 'C'
Anurag

Rajiv Prasad
B.Tech. (IT)
HOD, Information Technology
Km. Mayawati Govt. Girls Polytechnic
Badalpur, G.B. Nagar

Jai Prakash Nath Publications
Meerut

Published by
Jai Prakash Nath Publications
41/5, Jagriti Vihar (Behind Hero Showroom)
Garh Road, Meerut-250 004 (U.P.)
Tel. : (Off.) : 0121-2762403, 4056123
email : jpnpmrt@hotmail.com
: info@jpnpbooks.com
Web : www.jpnpbooks.com

Second Edition, **2021-22**

Price : ₹ **250.00**

Typesetter
adhar
the graphics
MEERUT

Printed at :
Saraswati Press,
Meerut

Concept of Programming Using 'C'

प्रस्तावना

कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा, कम्प्यूटर और प्रोग्रामर के बीच कम्यूनिकेशन का एक बहुत-ही effective माध्यम है। प्रोग्रामिंग भाषा की सहायता से कम्प्यूटर के लिए निर्देश और प्रोग्राम लिखकर कम्प्यूटर को किसी कार्य को करने या संचालित करने के लिए निर्देशित किया जाता है। C प्रोग्रामिंग भाषा एक बहुत-ही प्रचलित और सहज भाषा है। C प्रोग्रामिंग भाषा का प्रयोग करके विभिन्न प्रकार के सिस्टम सॉफ्टवेयर, एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर, डेटाबेस, डिवाइस ड्राइवर तथा ग्राफिक्स डिजाइन इत्यादि का डेवलपमेंट कर सकते हैं। C प्रोग्रामिंग भाषा को समझना और लिखना बहुत-ही आसान है इसलिए यह अत्यधिक लोकप्रिय कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा है।

इस पुस्तक में नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार, सम्पूर्ण syllabus को 8 अध्यायों (chapters) में विभाजित किया गया है। सभी अध्यायों में Basic Concept को तथ्यों और प्रयोगात्मक उदाहरण द्वारा समझाने का प्रयास किया गया है।

पुस्तक को त्रुटिहीन बनाने में हर समभव प्रयास किया गया है, फिर भी पुस्तक को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए सभी प्रकार के सुझाव आमंत्रित हैं।

–लेखक

ACKNOWLEDGMENT

First of all I would like to thank God for giving me the strength, knowledge and ability to spread my knowledge through the book.

I would like to thank all the staff members of Kumari Mayawati Govt. Girls Polytechnic, Badalpur, Gautam Budh Nagar, for encouraging and supporting me to write the book.

I would like to express my sincere gratitude to my Parents.

I am also very thankful to my wife Dr. Namita Gupta and son Mr. Atherva Gupta for their valuable support.

Finally I express my sincere thanks to M/s Jai Prakash Nath Publications, Meerut to give me opportunity to write and their cooperation in the publication of book.

—Rajiv Prasad

A parent's love
is whole
no matter
how many times
Divided
This Book is Dedicated to

My Parents

UPBTE SYLLABUS

Concept of Programming Using C

RATIONALE

Computer plays a vital role in present day life, more so, in professional life of technician engineers. People, who are working in the field of computer industry, use computers in solving problems more easily and effectively. In order to enable the students use the computers effectively in problem solving, this course offers the modern programing language C along with exposition to various applications of computers. The knowledge of C language will be reinforced by the practical exercises.

LEARNING OUTCOMES

- Identify the problems and formulate an algorithm for it.
- Identify various control structures and implement them.
- Identify various types of variables.
- Use pointer in an array and structure.
- Use structures and union for handling data.
- Explain the concepts of C programming language.
- Explain and implement the language construct concepts.
- Install C software on the system and debug the programme.
- Describe and implement array concept in C programming.
- Describe and execute pointers.
- Expose File System using File Handling.

DETAILED CONTENTS

1. Algorithm and Programming Development

Steps in development of a program, algorithm development, concept of flowcharts, programming and use of programming, various techniques of programming. Structured Programming, Preprocessors, Debugging, Compiling.

2. Program Structure

Structure of C program. Writing and executing the first C program, Translator Assembler, interpreter. Compiler. I/O statement, assign statement, keywords, constants, variables and data types, storage classes, operators and expressions. Unformatted and Formatted IOS, Data Type Casting.

3. Control Structures

Introduction, decision making with If-statement, If-else and Nested If, Ladder if-else, Loop : While, do-while, for, Break, Continue, goto and switch statements.

4. Functions

Introduction to functions, Global and Local Variables, Function Declaration, Function Call and Return, Types of Functions, Standard functions, Parameters and parameter Passing. Call - by value/reference, recursive function, function with array, function with string.

5. Arrays and Strings

Introduction to Arrays, Array Declaration, Length of array, Manipulating array elements, Single and Multidimensional Array, Arrays of characters. Passing an array to function, Introduction of Strings, String declaration and definition, String Related function i.e. strlen, strcpy, strcmp.

6. Pointers

Introduction to pointers, Static and dynamic memory allocation, Address operator and pointers, Declaring and initializing pointers, Single pointer, Pointers to an array.

7. Structures and Unions

Declaration of structures, Accessing structure members, Structure initialization, array of structure variable, Pointer to a structure, Union, Declaration of Union.

8. File Handling

Basics of File Handling, opening and closing of File, reading and writing character from a file.

LIST OF PRACTICALS

1. Programming exercises on executing and editing a C program.
2. Programming exercises on defining variables and assigning values to variables.
3. Programming exercises on arithmetic, logical and relational operators.
4. Programming exercises on arithmetic expressions and their evaluation.
5. Programming exercises on formatting input/output using printf and scanf and their return type values.
6. Programming exercises using if statement.
7. Programming exercises using if – else.
8. Programming exercises on switch statement.
9. Programming exercises on while and do – while statement.
10. Programming exercises on for – statement.
11. Simple programs using functions and recursive function.
12. Programs on one-dimensional array.
13. Programs on two-dimensional array.
14. (i) Programs for concatenation two strings together.
    (ii) Programs for comparing two strings.
15. Simple programs using pointers.
16. Simple programs using structures.
17. Simple programs using union.
18. Simple programs for File Handling.

CONTENTS

●●●

Unit

1 Algorithm and Programming Development

1.1 कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (Computer Programming Language)

प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (language) बहुत सारे निर्देशों (instructions) का set है जिसका प्रयोग कम्प्यूटर पर कुछ विशेष कार्य करने या किसी problem के solution प्राप्त करने के लिए अथवा कम्प्यूटर से बात (Communicate) करने के लिए किया जाता है। कम्प्यूटर द्वारा instruction को executes किया जाता है और instructions के अनुसार कम्प्यूटर किसी problem को sovle करता है। कम्प्यूटर एक Electronic मशीन है जो बाइनरी (binary) सिस्टम पर आधारित है। कम्प्यूटर human language नहीं समझता है। कम्प्यूटर से कार्य कराने के लिए या कम्प्यूटर को कुछ समझाने के लिए एक माध्यम एक (language) जो कम्प्यूटर और user समझ सके Develop किया गया जिसे programming language (प्रोग्रामिंग भाषा) कहते हैं। Programming language (प्रोग्रामिंग भाषा) एक माध्यम है जिसका उपयोग हम कम्प्यूटर को कुछ समझाने कम्प्यूटर से बात (Communicate) करने के लिए करते है। प्रोग्रामिंग लैंग्वेज अनेक प्रकार के keywords variables, identifier, operator, symbols और instructions के सेट (set) से बनते हैं।

▮ कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा के प्रकार (Types of Programming Language)

(a) निम्न स्तरीय प्रोग्रामिंग भाषा (Low Level Programming Language)

(b) उच्च स्तरीय प्रोग्रामिंग भाषा (High Level Programming Language)

▮ (a) निम्न स्तरीय प्रोग्रामिंग भाषा को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है–

(i) मशीनी भाषा (Machine Language)

कम्प्यूटर (computer) बाइनरी सिस्टम पर आधारित हैं अत: कम्प्यूटर (computer) केवल बाइनरी भाषा 0 और 1 ही समझता है, इसे ही Machine Language (मशीनी भाषा) भी कहते हैं। यह programming language का सबसे lowest level है। Program जो High Level language में लिखे जाते हैं, पहले Assembly या Machine language में Translate होते हैं उसके बाद execute होते हैं। सभी CPU का अपना unique machine language होता है। Machine language को computer द्वारा आसानी से execute कराया जा सकता है। Machine language में Binary Number 0 से 1 का प्रयोग किया जाता है। Symbol electric pulse के absence को show करता है। Symbol 1 electric pulse के presence को show करता है करता है। कम्प्यूटर electric pulse को recognize करता है इसलिए machine language को समझ पाता है। Machine language हमेशा ही machine dependent होता है।

(ii) असेम्बली भाषा (Assembly Language)

Assembly language एक प्रकार का low level programming language है जो एक विशेष प्रकार के processor के लिए designe किया जाता है। Assembly language को assembler की सहायता से machine language में बदला जाता है। Assembly language प्रयोग और समझने में machine language से आसान है। विभिन्न प्रकार के CPU के लिए मशीनी भाषा और असेम्बली भाषा अलग-अलग होते हैं। इसलिए किसी एक CPU के लिए design किया गया Assembly language दूसरे CPU पर run नहीं हो सकता है। Assembly language में symbol का प्रयोग किया जाता है जो समझने में आसान होता है। Assembly language में लिखे प्रोग्राम के error को आसानी से दूर कर सकते हैं तथा modify कर सकते हैं।

(b) उच्च स्तरीय प्रोग्रामिंग भाषा (High Level Programming language)

High Level Programming language एक प्रकार का user friendly programming language है। यह Computer harware और Architecture पर depend नहीं होता है। यह समझने में सबसे आसान होता है तथा आसानी से इसको modified किया जा सकता है। High level language कम्प्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामर के प्रयोग करने के लिए designe किया गया है। High level language में syntax, English alphabet arithmetic expression, number इत्यादि का प्रयोग किया जाता है।

C, C^{++}, JAVA, PHP, Visual basic इत्यादि High level progamming language हैं।

High Level language दो प्रकार के होते हैं—

(i) तीसरी पीढ़ी की प्रोग्रामिंग भाषा (Third generation programming language)

Third generation language (3 GL) एक प्रकार का High level programming language है जो Assembly language से ऊपर और (4 GL) Fouth generation language से नीचे का language है। यह एक user friendly programming language है। 3GL सबसे पहले सन् 1950 में develop किया गया। 3GL में English alphabet, symbols और digits का प्रयोग किया गया। 3GL को ही आगे modify करके 4GL में बदला गया जो आजकल सभी प्रोग्रामर के द्वारा प्रयोग किया जा रहा है। Translator के द्वारा Third generation language को object code में translate किया जाता है।

FORTRAN, BASIC, COBOL, PASCAL, PROLOG इत्यादि Third generation Programming language के उदाहरण हैं।

(ii) चौथी पीढ़ी की प्रोग्रामिंग भाषा (Fourth generation programming language)

Fourth generation language एक बहुत ही user friendly compuer language है जो Portable और machine independent language है। इसे आसानी से समझा जा सकता है तथा modify किया जा सकता है। आजकल के अधिकांश software को develop करने में fourth generation language का प्रयोग किया जाता है। Fourth generation language किसी भी software development में overall cost, effort और समय को बचाता है। Fourth generation language में English alphabet, digit, symtax, symbol, number इत्यादि का प्रयोग किया जाता है।

C, C^{++}, JAVA, PHP, visual basic इत्यादि fourth generation language है।



1.2 Steps to Develop a Computer Program (प्रोग्राम डेवलप्मेंट के चरण)

Computer Program का development किसी goal या task को achieve करने के लिये Computer programmer या developer के द्वारा किया जाता है। Computer Program को develop करने के लिये मुख्यत: कुल 7 Systematic Steps को follow किया जाता है। Systematic Steps follow करने से Program में Syntactical या Logical किसी भी प्रकार के Errors होने की सम्भावना कम रहती है और Program को आसानी से Manage, Maintain और Upgrade कर सकते हैं।

(i) Problem Definition

प्रोग्राम को develop करने का यह inital step होता है। इस step में समस्या को अच्छी तरह से समझ कर उसे define करना होता है। प्रोग्राम को जितनी अच्छी तरह define करेंगे उसका solution उतना ही अच्छा निकलेगा। यह Step किसी भी Computer Program का सबसे महत्वपूर्ण Step होता है, क्योंकि पूरे Program का Result इसी बात पर निर्भर करेगा कि समस्या को कितना बेहतर तरीके से define किया गया है। यदि Problem को सही तरीके से define नहीं किया गया है तो हमारा प्रोग्राम हमें accurate result नहीं देगा।

(ii) Problem Design

इस step में समस्या (Problem) को कई छोटे-छोटे भागों में devide कर उसे algorithm या Logic के अनुसार लिखा जाता है। Algorithm लिखने के लिये flowchart और अन्य logic का भी प्रयोग किया जाता है। पहले Step में Problem से सम्बंधित जिन जरूरतों को अपने Program द्वारा achieve करना चाहते हैं उन जरूरतों को कैसे पूरा किया जाए, इसका decision इसी चरण में लिया जाता है। यह कार्य System Designer के द्वारा किया जाता है।

(iii) Program Coding

Problem Design के बाद उसे किसी Programming language में implement करने के लिये Program Coding का प्रयोग करते हैं। कम्प्यूटर प्रोग्रामर अपनी और clients की सुविधानुसार किसी हाई लेवल भाषा का प्रयोग कर Coding करता है। Systematic Coding कम्प्यूटर प्रोग्रामर के द्वारा ही की जाती है।

(iv) Program Execution

इस step में प्रोग्राम को run किया जाता है और यह insure किया जाता है कि प्रोग्राम desired output दे रहा है या नहीं। Run कराने के बाद अगर प्रोग्राम में error है तो desired output नहीं मिलता है। प्रोग्राम में logical या synax error हो सकता है। Errors को remove करके desired output प्राप्त किया जा सकता है।

(v) Program Debugging

प्रोग्राम को run कराने के बाद उसमें कई तरह के logical या synax error हो सकता है जिसके कारण desired output नहीं मिलता है। प्रोग्राम में उपस्थित अनेक प्रकार के Error या Bugs को search करना व उन्हें correct करने की process को ही Debugging कहते हैं। यह कार्य Debugger करता है।

(vi) Program Testing

प्रत्येक condition में correct और desired output प्राप्त करने के लिए प्रोग्राम की Testing की जाती है। कभी-कभी प्रोग्राम सही run करता है परंतु desired output नहीं मिलता है। उसमें Logical Errors हो सकता है। Testing के लिये अलग-अलग software Team भी हो सकती है जो user side और developer side दोनों तरफ testing insure करती हैं।

(vii) Program Maintenance

Program Maintenance का मतलब, आवश्यकतानुसार Program को moidified करना होता है। Maintenance सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का एक बहुत ही महत्वपूर्ण भाग होता है। Maintenance के द्वारा हम प्रोग्राम में correction और alteration कर सकते हैं। जब Hardware या software की configuration बदल जाती है तो उस पर execute होने वाले Program को भी configuration के अनुसार modified करना होता है।

Maintenance के प्रकार—

a. Corrective maintenance
b. Adaptive maintenance
c. Preventive maintenance
d. Perfective maintenance

Pragram development के चरण



Fig. 1.1

1.3 Algorithm (एल्गोरिथ्म)

Algorithm एक well defined और चरणबद्ध प्रक्रिया है जो problem को solve करने में प्रयुक्त होता है। Algorithm का प्रयोग calculation और data processing में किया जाता है। किसी भी problem को solve करने के लिए program बनाते हैं जो Algorithm पर आधारित होता है। Algorithm के द्वारा ही हम प्रोग्राम को design करते हैं। Algorithm ही किसी problem की complexity को define करता है। किसी एक problem

को solve करने के लिए कई तरह के algorithm हो सकते हैं। प्रत्येक algorithm में निश्चित चरण और definite procedure होते हैं जो एक निश्चित चरण के बाद समाप्त होते हैं और result देते हैं।

Algorithm के गुण

(i) Algorithm कुछ निश्चित चरण के बाद हमेशा terminate होने चाहिए।
(ii) Algorithm के प्रत्येक चरण अच्छी और सही define होने चाहिए।
(iii) किसी भी problem को solve करने के लिए सही और eeffective algorithm का selection करना चाहिए।

Algorithm के प्रकार

(i) Simple algorithm
(ii) Recursive algorithm
(iii) Divide and conquer algorithm
(iv) Randomized algorithm

Algorithm का उपयोग

(i) Algorithm मुख्यत: calculation और data processing में उपयोग होते हैं।
(ii) Algorithm का प्रयोग computer सम्बन्धित problem को solve करने में करते हैं।
(iii) Algorithm का प्रयोग program design में करते हैं।

Algorithm के उदाहरण

(i) उदाहरण : दो संख्याओं के घटाव का एल्गोरिथ्म

Step 1 : Start.
Step 2 : Read two numbers A and B.
Step 3 : Difference = A – B.
Step 4 : Display difference.
Step 5 : Stop.

(ii) उदाहरण : दो संख्याओं के addition का एल्गोरिथ्म

Step 1 : Start.
Step 2 : Read two numbers A and B.
Step 3 : SUM = A + B.
Step 4 : Display SUM.
Step 5 : Stop.

(iii) उदाहरण : किसी number का फ़ैक्टोरियल (factorial) प्राप्त करने का एल्गोरिथ्म

किसी नंबर का फ़ैक्टोरियल (factorial) निकालने के लिए उस नंबर को उससे 1 घटाकर multiply करते जाते हैं जब तक कि उससे 1 घटाते-घटाते अंतिम नंबर 1 ना हो जाए। उदाहरण के लिए अगर हमें 5 का factorial निकालना है तो उसे निम्नलिखित तरीके से निकालें :

$5! = 5 * (5 - 1) * (4 - 1) * (3 - 1) * (2 - 1) * (1 - 1)!$

5! = 5 * 4 * 3 * 2 * 1

0 का factorial (0!) = 1 होता है और 1 का factorial (1!) = 1 ही होता है।

Algorithm :

1. Start
2. Read the number n
3. i = 1, fact = 1
4. Repeat Step 5 to 6 until i = n
5. fact = fact * i
6. i = i + 1
7. Display : fact
8. Stop

(iv) उदाहरण : किसी दिये गये तीन numbers से सबसे largest number प्राप्त करने का एल्गोरिथ्म।

1. Start
2. Input the three values a, b, c.
3. Assign biggest = a.
4. If b > biggest, then assign biggest = b.
5. If c > biggest, then assign biggest = c.
6. Display biggest.
7. Stop.

(v) उदाहरण : किसी दिये गये number N का Fibonacci series प्राप्त करने का एल्गोरिथ्म।

Fibonacci series : Fibonacci series वह series है जिसमें series का प्रत्येक नया number, अपने दो previous numbers का addition होता है।

Example of Fibonacci series (for N = 7)

0, 1, 1, 2, 3, 5, 8

Algorithm :

Step 1 : Start

Step 2 : Declare variables N, N_1, N_2, N_3, i.

Step 3 : Read value of N.

Step 4 : यदि N < 2, display "Enter number > 2" और go to step 9.

Step 5 : Initialize variables $N_1 = 0$, $N_2 = 1$, i = 0

Step 6 : Print : N_1, N_2

Step 7 : $N3 = N_1 + N_2$

Step 8 : Repeat following statements until i < N – 2

Print : N_3

$N_1 = N_2$

$N_2 = N_3$

$N_3 = N_1 + N_2$

$i = i + 1$

Step 9 : Stop

(vi) उदाहरण : किसी दिये गये numbers के digits के sum प्राप्त करने का एल्गोरिथ्म।

Step 1 : Input N

Step 2 : Sum = 0

Step 3 : While (N ! = 0)

Rem = N % 10;

Sum = Sum + Rem;

N = N / 10;

Step 4 : Display : Sum

(vii) किन्हीं पाँच नम्बरों का औसत (Average) प्राप्त करने का एल्गोरिथ्म (Algorithm)

Step 1 : Start

Step 2 : Read a, b, c, d, e avg

Step 3 : Calculate avg = (a + b + c + d + e) / 5

Step 4 : Print avg

Step 5 : Stop.

(viii) Profit और Loss का algorithm

Step 1 : Input Income

Step 2 : Input Cost

Step 3 : if Income > Cost

Step 4 : Profit

Step 5 : else loss.

Step 6 : Stop.

(ix) दो नम्बरों के Swap का एल्गोरिथ्म

Algorithm : Thrid variable का प्रयोग करके)

Step 1 : Start

Step 2 : Read n_1, n_2

Step 3 : temp = n_1

Step 4 : $n_1 = n_2$

Step 5 : n_2 = temp

Step 6 : display n_1, n_2

Step 7 : Stop.

(x) दो नम्बरों के Swap का एल्गोरिथ्म (Without third variable)

Step 1 : Start

Step 2 : Read n_1, n_2
Step 3 : $n_1 = n_1 + n_2$
Step 4 : $n_2 = n_1 - n_2$
Step 5 : $n_1 = n_1 - n_2$
Step 6 : Display n_1, n_2
Step 7 : Stop.

(xi) किसी वर्ग (Square) का क्षेत्रफल (Area) प्राप्त करने का एल्गोरिथ्म

Step 1 : Start
Step 2 : Read X
Step 3 : Square = X * X
Step 4 : Print : Square
Step 5 : Stop

(xii) किसी Rectangle का क्षेत्रफल (Area) प्राप्त करने का एल्गोरिथ्म

Step 1 : Start
Step 2 : Read X, Y
Step 3 : Area = X * Y
Step 4 : Print Area
Step 5 : Stop

(xiii) किसी वृत्त (cicrle) का Area प्राप्त करने का एल्गोरिथ्म

Step 1 : Start
Step 2 : Read r
Step 3 : Area = 3.14 * r * r
Step 4 : Print : Area
Step 5 : Stop.

(xiv) Quadratic equation $ax^2 + bx + c = 0$ के Root प्राप्त करने का Algorithm लिखिये।

Step 1 : Start
Step 2 : Read a, b, c, D, x_1, x_2 real p, img p
Step 3 : Calculate $D = b^2 - 4ac$
Step 4 : If (यदि) $D \geq 0$

$$r_1 = \frac{-b + \sqrt{D}}{2a}$$

$$r_2 = \frac{-b - \sqrt{D}}{2a}$$

Print : r_1 and r_2
else calculate Real part और Imaginary part

real p. = b / 2a

imgp. = $\sqrt{(-D)}$ / 2a

Print : realp +j (imgp), realp–j (imgp)

Step 5 : Stop

▌एल्गोरिथ्म (Algorithm) के लाभ

(i) एल्गोरिथ्म (Algorithm) से problem को सही तरीके से समझा जा सकता है।

(ii) एल्गोरिथ्म (Algorithm) definite procedures को follow करता है।

(iii) Programming Knowledge के बिना भी algorithm से problem को आसानी से समझा जा सकता है।

(iv) किसी भी Problem को solve करने के लिए एक से ज्यादा algorithm के option होते हैं उसमें से हम सबसे सटीक algorithm का चुनाव कर सकते हैं।

(v) एल्गोरिथ्म से हम Program की designing भी करते हैं।

(vi) एल्गोरिथ्म किसी Programming language पर depend नहीं करता हैं।

(vii) एल्गोरिथ्म के सभी चरण well defined होते हैं इसलिए किसी भी error को आसानी से identify कर सकते हैं।

1.4 फ्लोचार्ट (Flowchart)

किसी भी Algorithm का symbolic अथवा graphical रूपान्तरण Flowchart कहलाता है। Flowchart में process और उसके बहाव को अलग-अलग symbol से प्रदर्शित करते हैं। Flowchart के द्वारा हम problem को आसानी से समझ कर solve कर सकते हैं। Flowchart के द्वारा हम किसी problem को आसानी से analyze, design और manage कर सकते हैं। Flowchart मुख्यत: architectural, engineering, manufacturing education, science, technology इत्यादि में problem solving के रूप में प्रयुक्त होता है।



BASIC FLOW CHART
Fig. 1.2

▌फ्लोचार्ट (Flowchart) के प्रकार

a. Document flowchart
b. Diagram flowchart
c. System flowchart
d. Data flowchart

▌Symbols of Flowchart

(i) इनपुट/आउटपुट (Input/Output)

यह समानान्तर चतुर्भुज (Parallel quadrilateral) का Symbol होता है जो इनपुट (Read) या आउटपुट (Print) के लिए प्रयोग किया जाता है।



(ii) टर्मिनल (Terminal)

यह अण्डाकार सिंबल है जो process को Start, End और Pause करने के लिए प्रयोग होता है। किसी फ्लो चार्ट में पहला और अंतिम Symbol टर्मिनल होता है।



(iii) प्रक्रिया (Processing)

Processing के लिये rectangle के सिंबल का प्रयोग करते हैं जिसमें प्रोसेसिंग के Instructions होते हैं।

(iv) निर्णय (Decision)

Decision लेने और condition show करने के लिये Decision सिंबल का प्रयोग किया जाता है।



(v) फ्लो लाइन (Flow line)

फ्लो लाइन्स, फ्लोचार्ट के flow का डायरेक्शन (दिशा) बताती है और flow of control को भी समझाने में सहायक होती है।

(vi) कनेक्टर (Connector)

कनेक्टर (Connector) की सहायता से flow chart के अलग-अलग पार्ट को connect किया जाता है। फ्लो चार्ट अगर एक पेज से बड़ा है और वह अगले पेज पर भी आ रहा है तो कनेक्टर की सहायता से उसे जोड़ा जाता है। पिछले पेज के अंत में अंदर आती हुई रेखा (line) और अगले पेज के शुरू में बाहर जाती हुई रेखा (line) से प्रदर्शित किया जाता है।

(i) ऑन पेज-कनेक्टर

(ii) आफ पेज कनेक्टर

1.5 फ्लोचार्ट (Flowchart) और एल्गोरिथ्म में अंतर

	Flowchart		Algorithm
1.	Algorithm के graphical conversion को flow chart कहते हैं।	1.	Algorithm में हम process को step by step analysis करते हैं।
2.	Process और Input/Output के लिए symbol का प्रयोग होता है।	2.	Symbol का प्रयोग नहीं करते हैं, केवल text का प्रयोग करते हैं।
3.	Flow chart को आसानी से समझा जा सकता है।	3.	Algorithm को समझना कठिन होता है।
4.	Flow chart को बनाने में symbol का प्रयोग होता है।	4.	Algorithm को लिखने में Text का प्रयोग होता है।
5.	Error को debuge करना difficult होता है।	5.	Error को debuge करना आसान होता है।
6.	Flow chart का उपयोग हम process को show करने के लिए कई क्षेत्रों (fields) में कर सकते हैं।	6.	Algorithm का उपयोग Mathematical calculation और Computer science के क्षेत्र (field) में करते हैं।

1.6 फ्लोचार्ट (Flowchart) के लाभ

1. फ्लोचार्ट (Flowchart) के द्वारा किसी भी problem को आसानी से समझा जा सकता है।
2. फ्लोचार्ट (Flowchart) को code में आसानी से Implemnet किया जा सकता है।
3. Process को समझ कर आसानी से फ्लोचार्ट (Flowchart) बनाया जा सकता है।
4. Flow chart में केवल symbol का प्रयोग किया जाता है जो समझने में आसान होता है।
5. Flow chart के द्वारा हम system और उसके process को सही और सटीक तरह से analysis कर सकते हैं।
6. Flowchart के द्वारा हम clear और complete documentation तैयार कर सकते हैं।

1.7 फ्लोचार्ट (Flowchart) के उदाहरण

(i) किसी दो नम्बर को Add करने कर फ्लोचार्ट (Flowchart)



(ii) किन्हीं दो नम्बरों को SUBTRACT करने का फ्लोचार्ट (Flowchart)



(iii) किसी Rectangle का Area calculate करने का फ्लोचार्ट (Flowchart)



(iv) किसी नंबर के factorial निकालने का Flow chart



(v) तीन नंबरों से Largest number प्राप्त करने का Flowchart



(vi) किसी नम्बर का positive के लिये चेक करने का फ्लोचार्ट (Flowchart)



(vii) किसी square का Area calculate करने का फ्लोचार्ट (Flowchart)



(viii) Profit और loss का Flowchart



(ix) दो नम्बरों के Swap का Flowchart (Third variable का प्रयोग करके)।



(x) दो नम्बरों के swap का Flowchart (without third variable)



(xi) Odd या even नम्बर प्राप्त करने का Flowchart



(xii) Leap year ज्ञात करने का Flowchart



(xiii) Quadratic equation के Roots प्राप्त करने का Flowchart (यदि D ≥ 0)



(xiv) किन्हीं पाँच नम्बरों का औसत (Average) प्राप्त करने का Flowchart



(xv) किसी दिये गये numbers के digits के sum प्राप्त करने का Flowchart



1.8 प्रोग्रामिंग की विभिन्न तकनीक (Various Programming Techniques)

- Structural or Modular Programming
- Procedural Programming
- Top Down Designing
- Bottom up Designing
- Object Oriented Programming

(i) Structured Programming

Structured Programming को Modular Programming भी कहा जाता है। इस तकनीक में program बहुत सारे छोटे भागों में बाँट (divide) दिया जाता है जिन्हें modules, subprogram, subroutines या procedures कहा जाता है। सभी modules किसी specific कार्य को पूरा करने के लिये design किया जाता है। सभी modules एक दूसरे को affect किये बिना अपना कार्य perform करते हैं। Module पूरा होने पर और execution सही होने पर उसे अन्य module से जोड़कर पूरे program का structure तैयार कर लिया जाता है।



Fig. 1.3

(ii) Procedural Programming

इस प्रोग्रामिंग में प्रोग्राम एक procedure या method call का sequence होता है। यह प्रोग्रामिंग procedure के call पर निर्भर करता है। प्रोग्राम में बहुत सारे procedure या methods हो सकते हैं जो main program द्वारा या एक दूसरे के द्वारा call होते हैं। Main program द्वारा डेटा pass किया जाता है। Procedures द्वारा arguments के रूप में input लिया जाता है और output को return values के रूप में देता है। C programming, Pascal एक Procedural Programming है।



Fig. 1.4

1. यह प्रोग्रामिंग top down approach पर आधारित है।
2. प्रोग्राम को छोटे-छोटे procedure/module में रखा जाता है।
3. Data की तुलना में procedure को ज्यादा महत्व दी जाती है।
4. मुख्यत: Global data share किया जाता है।

(iii) Top Down Approach

Top down programming में प्रोग्राम को ऊपर से नीचे की ओर छोटी-छोटी sub part या sub module में divide कर दिया जाता है। प्रत्येक sub-program को solve करने के लिए अलग-अलग function लिखा जाता है। सबसे पहले Top module को test किया जाता है। उसके बाद सभी sub-modules को combine करके test किया जाता है।



Fig. 1.5

(iv) Bottom up Approach

Bottom up programming में Bottom से top की ओर शुरुआत करते हैं। सबसे पहले Bottom layer के सभी modules की design करके test करते हुए ऊपर की ओर proceed करते हैं और उसके next layer के module को test करके फिर दोनों layers के modules को combine करके text किया जाता है। अंत में सभी modules को combine करके final प्रोग्राम को develop करते हैं। प्रोग्राम development और testing नीचे से ऊपर की तरफ होता है इसलिये इसे Bottom up Approach कहते हैं।



Fig. 1.6

(v) Object oriented programming

Object oriented programming में प्रोग्राम को बहुत सारे objects में decompose करते हैं। objects ही प्रोग्राम के मुख्य बिंदु होते हैं और सभी activities को object के रूप में ही लेते हैं। इसमें process की तुलना में objects को ही महत्व दिया जाता है। सभी data और functions को एक सिंगल entity के रूप में combine करते हैं। Object oriented प्रोग्रामिंग Bottom up Approach को support करता है। इसमें class create किया जाता है और ये class reusable होते हैं जिनको अलग प्रोग्राम के द्वारा reuse कर सकते हैं।

Object oriented programming निम्न concept को follow करता है—

(i) Class
(ii) Abstraction
(iii) Polymorphism
(iv) Encapsulation
(v) Inheritance
(vi) Overloading

1.9 Compiling

Compiling के द्वारा किसी program के source code को machine code (executable code) में transform किया जाता है। यह कार्य compiler के द्वारा किया जाता है। Compiler program में present syntax error को भी identify करता है। High level language को computer नहीं समझता है। इसलिए execution के पहले उसे machine language या low level language में convert करना पड़ता है। यह process compiler के द्वारा किया जाता है।

Compiling Stage of a C Program



Fig. 1.7

Processors

Processor एक Integrated electronic circuit होता है जो computer पर run किये गये program को process करता है। एक processor के द्वारा arithmetic, logical, input/output, control, logic इत्यादि operation perform किये जा सकते हैं। Processor एक समय में बहुत सारे Instruction को एक साथ execute कर सकते हैं। Processor को CPU (Central Processing Unit) भी कहते हैं।

Debugging

Program में उपस्थित errors या bug को पहचान कर उसे हटाने की क्रिया को debugging कहते हैं। Debugging के द्वारा bug को identify करके उसे remove किया जाता है। Debugging process को dubugger tool (एक program) की सहायता से perform किया जाता है।

▶ प्रश्नावली (Exercise) ◀

1. Programming language क्या है? इसकी क्या आवश्यकता है?
2. Programming language कितने प्रकार के होते हैं? वर्णन कीजिए।
3. Machine language क्या होता है? उदाहरण के साथ समझाइए।
4. Low level programming language और High level programming language में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
5. Third generation और fourth generation programming language क्या होते हैं?
6. Computer program के development के विभिन्न चरणों को विस्तार से समझाइए।

7. Algorithm क्या होता है? इसकी उपयोगिता क्या है? (UPBTE 2016)
8. किसी नम्बर के factorial प्राप्त करने का algorithm लिखिए।
9. किसी नबर के digits का sum प्राप्त करने का algorithm लिखिए।
10. Flowchart के लाभ कौन-कौन से हैं? (UPBTE 2008)
11. किन्हीं 5 नम्बरों का average प्राप्त करने का algorithm लिखिए।
12. Algorithm क्या होता है? Flowchart में प्रयुक्त symbols को उदाहरण के साथ समझाइए।
13. Flowchart और algorithm में अन्तर लिखिए।
14. Flowchart के लाभ का वर्णन कीजिए। (UPBTE 2008)
15. किन्हीं दो नम्बरों के swap का flowchart बनाइए।
16. विभिन्न Programming Techniques का संक्षेप में वर्णन कीजिए। (UPBTE 2008)
17. Top down और Bottom up programming तकनीक का वर्णन कीजिए।
18. Quadratic equation के roots प्राप्त करने का flowchart बनाइए।
19. Structured programming क्या होता है? (UPBTE 2018)
20. Procedural programming को समझाइए।

❑

Unit

2

Program Structure

Program Structure

2.1 C Language

C एक structured computer programming language है जो program, system software या application software के development में प्रयोग किया जाता है। C computer language को सन् 1972 में Dennis Ritchie ने develop किया था। यह एक बहुत ही popular और user friendly computer language है जो initial में Unix operating system को develop और support के लिये विकसित किया गया। C एक Base programming है जिसका प्रयोग operating system और विभिन्न प्रकार के Application software बनाने में किया जाता है। C Language कई प्रकार के data type को भी support करती है जो प्रोग्राम बनाने में सहायक होते हैं। C Language ANSI (American National Standards Institute) और ISO (International Organization for Standardization) के द्वारा भी प्रमाणित है। C Language विभिन्न प्रकार के Compiler और DBMS (Data Base Management System) develop करने के लिए प्रयोग में आता है। C Language एक Portable language है जिसका program एक machine पर लिख कर दूसरे machine पर execute करा सकते हैं। इस language में High level language और low level language दोनों के गुण हैं। यह एक system independent language है। C Language में 32 keywords हैं जिसका meaning compiler को पहले से ही defined है जो program को develop करने में प्रयोग किये जाते हैं।

2.2 C Language की विशेषता

C एक बहुत ही popular और user friendly computer language है। बहुत सारी विशेषताओं के कारण आज भी C काफी लोकप्रिय है।

(i) C Language एक structured programming language है। C Language में हम किसी भी program को आवश्यकता के अनुसार छोटे-छोटे modules में बना सकते हैं जिससे किसी बड़े problem को आसानी से समझ कर, उसमें उपस्थित error को remove करके solve कर सकते हैं।

(ii) C Language बहुत ही fast है और तुरन्त ही execute हो जाती है।

(iii) C Programming Language को आवश्यकता के अनुसार extend भी कर सकते हैं। जरूरत पड़ने पर उसमें नये function या module आसानी से add कर सकते हैं।

(iv) C Language में बहुत सारे built in function और operators होते हैं जो किसी program (प्रोग्राम) को लिखने में काम आता है।

(v) C Language का प्रयोग करके embedded system को भी develop करते हैं जो hardware और software को एक साथ support करता है।

(vi) C Language में बहुत सारे inbuilt library functions होते हैं। हम अपना function बना कर C library मे add कर सकते हैं।

(vii) C Language Portability को support करता है। हम C Language में लिखे program को एक machine से दूसरे machine में port करा के execute करा सकते हैं।

(viii) C Language में लिखे प्रोग्राम को आसानी से modify भी कर सकते हैं।



Fig. 2.1

2.3 C Language का प्रयोग

(i) C Language का प्रयोग करके विभिन्न प्रकार के system या application software develop कर सकते हैं।

(ii) C Language का प्रयोग करके compiler भी बना सकते हैं जो किसी प्रोग्राम को compile करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

(iii) C Language का प्रयोग करके हम data को manage करने के लिए database management system (DBMS) भी बना सकते हैं।

(iv) C Language का प्रयोग network device के software बनाने में भी किया जाता है।

(v) C Language का प्रयोग graphical related application और computer या mobile games के software बनाने में भी किया जाता है।

2.4 C Language का Limitation

OOPS

(i) C Language object oriented concept को support नहीं करता है जो इसकी flexibility को कम करता है।

(ii) C Language namespace को support नहीं करता जिसके कारण हम दो variables को एक ही नाम से declare नहीं कर सकते हैं।

(iii) C Language data security के मामले में कम reliable है।

(iv) C Language में constructor और destructor का प्रयोग नहीं कर सकते है।

(v) C Language run time type checking को नहीं support करता है यह केवल compile time type checking को ही support करता है।

(vi) C Language inheritance और polymosphism को support नहीं करता है।

 POP

2.5 C TOKENS

Token प्रोग्राम का सबसे smallest unit होता है। यह C Language का basic building block होता है जिनको compiler पहचान (recognize) करता है। Tokens ही combined होकर C program को construct करते हैं। C Language में विभिन्न प्रकार के tokens का प्रयोग किया जाता है।

- Keywords
- Identifiers
- Operators
- Constants
- Strings
- Special symbols

Keywords

C Language में कुछ reserved और predefined शब्द होते हैं जिनका कुछ विशेष अर्थ होता है जिन्हें Keywords कहते हैं। ये syntax के parts होते हैं। प्रोग्रामिंग करते समय इन्हें variable अथवा function name या identifier की तरह use नहीं कर सकते हैं। C programming में 32 keywords होते हैं। compiler को सभी Keywords की meaning पहले से ही define रहता हैं।

C Programming के keywords

float	double	typedef	Register
const	struct	enum	case
int	auto	default	char
for	unsigned	size of	volatile
break	else	goto	extern
void	switch	return	union
continue	short	if	do
signed	long	while	static

Fig. 2.2

उदाहरण

```
# include < stdio.n >
main ( )
{
int m, n;
Printf (" keyword in C")
return 0;
}
```

दिये गये उदाहरण में int और return keywords हैं। int के द्वारा variables m और n को declare किया गया है।

Identifiers

किसी variables, constants, functions या user define डेटा के दिये गये नाम को ही Identifier कहते हैं।

प्रोग्राम में identifier यूनिक होते हैं। ये user के द्वारा define किये जाते हैं। Identifier में alphanumeric character और underscore हो सकते हैं। Identifier कभी भी कोई digit के साथ शुरुआत नहीं हो सकता है।

Valid Identifier — abc, _ x, m _, t _ 1.

Invalid Identifier — 1u, char, int

उदाहरण : int abc = 89

इसमें abc एक identifier है जो int टाइप variable को denote करता है जिसकी value 89 है।

Identifier बनाने के नियम

1. एक valid identifier letters (uppercase A-Z और lowercase letters a-z), digit (0-9) या underscores (_) से बना होता है।
2. Identifier का पहला अक्षर letter या underscores होना चाहिये।
3. Identifier case sensitive होते हैं। उदाहरण के लिये sing और Sing दो अलग-अलग Identifiers हैं।
4. Keyword को Identifier की जगह पर use नहीं कर सकते हैं।

Keyword और Identifier में अन्तर

S.No.	Keyword	Identifier
1.	Keyword पहले से ही defined होते हैं।	Identifier User के द्वारा defined होते हैं।
2.	Keyword केवल lowercase में लिखे जाते हैं।	Identifier दोनों lowercase और uppercase में लिखे जा सकते हैं।
3.	इसका meaning पहले से ही compiler को define रहता हैं।	इसका meaning पहले से compiler को नहीं define रहता है।
4.	ये alphabetic characters के Combination से बनते हैं।	ये alphabetic alphanumeric के combination से बनते हैं।

Operators

Operator एक प्रकार का operational symbol होता है जिसका meaning पहले से ही compiler को define होता है। यह mathematical या logical functoin की तरह कार्य करता है। यह operand पर किसी specific कार्य को perform करने के लिए apply होता है। सभी operator का meaning अलग-अलग होता है।

उदाहरण — +, –, *, /, % etc.

Operators के प्रकार

- Arithmetic Operators

- ❖ Increment and Decrement Operators
- ❖ Logical operator
- ❖ Relational Operators
- ❖ Assignment operator
- ❖ Bitwise Operators
- ❖ Conditional operator
  - ❖ Size of Operator
  - ❖ Ternary Operator
- ❖ Comma operator

Arithmetic operators

Arithmetic operator का प्रयोग numerical values (operands) पर mathematical operation (add, subtract, multiply or division) करने के लिये किया जाता है।

उदाहरण — addition operator (+), दोनों operands को add करने के लिये प्रयोग किया जाता है।

Operator	Meaning
+	addition
–	Subtraction/minus
*	multiplication
/	division
%	remainder ater division (modulo division)

Fig. 2.3

Arithmetic operators का उदाहरण

```
// C Program to explain the working of arithmetic operators
#include < stdio.h >
int main()
{
int a = 12, b = 6, c;
c = a + b;
printf("a + b = %d \n", c);
c = a – b;
printf("a – b = % d \n",c);
c = a * b;
printf("a * b = % d \n", c);
c = a / b;
```

```
printf("a / b = %d \n", c);
c = a % b;
printf("Remainder when a divided by b = %d \n", c);
return 0;
}
```

Output

a + b = 18
a – b = 6
a * b = 72
a / b = 2
Remainder when a divided by b = 0

Explanation :

f गये उदाहरण में (+) operator दो operands a और b को add करता है और result को print करता है।

(–) operator दो operands a और b पर apply होकर b को a से subtract करता है।

(*) operator दोनों operands a और b को multiply करके Result को Print करता है।

/ (operator) operand a को operand b से divide करता है।

(%) operator operand a को operand b से divide करके remainder को print करता है।

Increment and Decrement Operators

Increment और decrement operators एक तरह का unary operator है जो एक operand पर apply होता है। यह operator उसी operand में value (increase) add करता है या उस operand से value को subtract (decrease) करता है।

Increment और Decrement operator के दो forms होते हैं—

(i) Postfix – Operator, operand के बाद आता है जैसे a ++, a – –

(ii) Prefix – Operator, operand के पहले आता है जैसे + + a, – – a

Increment and Decrement Operators का उदाहरण :

```
// C Program to Explain the working of increment and decrement operators
(i)#include <stdio.h>
   int main()
   {
   int m = 99, n = 96;
   float o = 90.5, p = 99.5;
   printf (" + + m = % d \n", + + m);
   printf ("– – n = % d \ n", – – n);
   printf (" + + o = % f \n", + + o);
   pfintf (" – – p = % f \n", – – p);
   return 0; }
```

Output

++m = 100
--n = 95
++o = 91.500000
++p = 98.500000

Explanation

दिये गये program में (pre-increment और pre-decrement) operator का प्रयोग हुआ है।

++m,

पहले m की value बढ़ेगी तब प्रिन्ट होगा, 99 से बढ़कर 100 हो जायेगी।

--n

पहले n की value घटेगी तब प्रिन्ट होगा, 96 से घटकर 95 हो जायेगी।

(ii)

```
# include < stdio.h >
 void main()
 {
 int m, n, x = 96, y = 96
 m = x + + ;
 n = + + y ;
 printf ("m will be : % d", m);
 printf ("n will be : %d", n);
 }
```

Output

m will be : 96
n will be : 97

Explanation

दिये गये उदाहरण में Pre-increment और post-increment operator का प्रयोग हुआ है।

Post increment x ++ पहले x execute होगा फिर उसका मान बढ़ेगा।

परन्तु Pre-inrement में पहले मान बढ़ेगा फिर execute होगा इसलिए

m = 96
n = 97

Logical Operators

Logical operator का प्रयोग logical operations को perform करने के लिए किया जाता है। C language में तीन प्रकार के logical operators हैं—logical AND (&&), logical OR (||) और logical NOT (!) Logical operator का प्रयोग मुख्यत: program के flow को control करने के लिये किया जाता है।

&& और || दोनों Binary operators हैं और ! एक unary operator है।

Operator (symbol)	Opeator का मतलब	उदाहरण
&&	Logical AND. True only if all operands are true	If a = 4 and b = 3, then expression ((a == 4) && (b == 3)) equals to 1
||	Logical OR. True only if either one operand is true	If a = 4 and b = 2, then expression ((a == 4) || (b > 5)) equals to 1.
!	Logical NOT. True only if the operand is 0	If a = 4, then expression ! (a ==4) equals to 0.

Logical Operators का उदाहरण

(i)
```
// C Program to explain the working of logical operators
#include <stdio.h>
int main()
{
int m = 75, n = 75, c = 85, result;
result = (m == n) && (c > n);
printf ("(m == n) && (c > n) equals to %d \n", result);
result = (m == n) && (c < n);
printf ("(m == n) && (c < n) equals to %d \n", result);
result = (m == n) || (c < n);
prinftf ("(m == n) || (c < n) equals to %d \n", result);
result = (m ! = n) || (c < n);
printf ("(m! = n) || (c <n) equals to %d \n", result);
return 0;
}
```

Output

```
(m == n) && (c > n) equals to 1
(m == n) && (c > n) equals to 0
(m == n) || (c < n) equals to 1
(m ! = n) || (c < n) equals to 0
```

Logical Operators का Explanation

- (m == n) && (c > 5) evaluates to 1 because both operands (m == n) and (c > n) is 1 (true).
- (m == n) && (c < n) evaluates to 0 because operand (c < n) is 0 (false).
- (m == n) || (c < n) evaluates to 1 because (m = n) is 1 (true).
- (m! = n) || (c < n) evaluates to 0 because both operand (m! = n) and (c < n) are 0 (false).

Relational Operators

Relational Operator का प्रयोग दो variables के values को compare करने के लिये किया जाता है। इसका प्रयोग दो variables के बीच relation जानने के लिये किया जाता है। Relational operator expression के true होने पर 1 return करता है और expression के false होने पर 0 return करता है।

Operator /symbol	Operator का मतलब	उदाहरण
==	Equal to	87 == 87 returns 1
>	Greater than	87 > 78 returns 1
<	Less than	87 < 78 returns 0
!=	Not equal to	87 != 78 returns 1
>=	Greater than or equal to	87 >= 78 returns 1
<=	Less than or equal to	87 <= 78 returns 0

(i) उदाहरण

```
# include <stdio.h>
int main()
   {
      int a = 95, b = 75;
      if ( a == b)
        {
      printf ("a and b are equal");
        }
          else
          {
          printf("a and b are not equal");
          }
          }
```

Output :

a and b are not equal.

इस प्रोग्राम में relational operator (==) का प्रयोग दो variables a और b के value को compare करने के लिये किया गया है। यदि दोनों के values एक ही (equal) हैं तो स्क्रीन पर a and b are equal display होगा। यदि दोनों variables का value equal नहीं है तो स्क्रीन पर a and b are not equal display होगा।

(ii) उदाहरण

```
# include <stdio.h>
int main()
{
int m = 94, n = 88;
printf ("m is % d\n", m);
printf ("n is % d\n", n);
printf ("m > n : % d\n", m > n);
printf ("m < n : % d\n", m< n);
return 0;
}
```

Output

```
m is 94
n is 88
m > n : 1
m < n : 0
```

इसमें m > n True है इसलिए 1 return होगा।

इसमें m < n False है इसलिए 0 return होगा।

Assignment operator

Assignment operator एक ऐसा operator है जो right side के operand के value को left side operand में assign करता है।

Assignment operator का प्रयोग करके एक ही variable को program execution के different चरण में अलग-अलग value दे सकते हैं। assignment operator को equal (=) sign से denote करते हैं।

Operator /symbol	Opeator का मतलब	उदाहरण
=	assignment operator (यह Operator right side operands के values को left side operand में assign करता है।	M = n * o (n * o value M में assign होगी।)
+=	यह Operator right side operands के values को left side operand में Add करके परिणाम को left side operand में assign करता है।	M += N is same as M = M + N
−=	यह Operator right side operands के values को left side operand के values से Subtract करके परिणाम को left side operand में assign करता है।	M −= N is same as M M = N − N

*=	यह Operator left side operands के values को right side operand के values से multiply करके परिणाम को left side operand में assign करता है।	M *= N is same as M = M * N
/=	यह Operator right side operands के values को left side operand से divide करके परिणाम को left side JeÛecelebokeâ में assign करता है।	M /= N is same as M = M / N
%=	यह Operator दो operands के modulus values को left side operand में assign करता है।	M %= N is same as M = M % N

Assignment operator के उदाहरण

(i)
```
# include <stdio.h>
  int main()
  {
  int abc ;
  abc = 97 ;
  return (0);
  }
```

इस प्रोग्राम में हम 97 को abc में assign कर रहे हैं।

(ii)
```
# include <stdio.h>
  int main()
  {
  int a;
  a = 95
  a + = 2;
  printf ("\n result 1 = % d", a);
  a = 95
  a – = 2
  printf ("\n result 2 = % d", a);
  return (0);
  }
```

Output

Result 1 = 97

Result 2 = 93

Bitwise Operator

Bitwise Operator bit पर apply होते हैं। Decimal value पहले bit के sequence में convert होते हैं तब bitwise operator उन पर apply होते हैं।

C language में निम्न bitwise operator हैं—

& (bitwise AND), << (Left shift)
| (bitwise OR), >> (Right shift)
Λ (XOR), ~ (bitwise not)

Conditional Operator

C program में conditional operator का प्रयोग condition check करने के लिए किया जाता है। इसको निम्न नामों से भी जानते हैं—

a. Ternary operator
b. ? : operator

Conditional operator का syntax :

expression 1 ? expression 2 : expression 3

- Syntax में question mark " ? " if part को represent करता है।
- expression 2 और expression 3 का execution expression 1 के execution के return value पर निर्भर करता है।
- यदि (expression 1), execution के बाद true return करता है तो (expression 2), execute होगा।
- यदि (expression 1) execution के बाद false return करता है तो (expression 3) execute होगा।

(i) Conditional Operator का उदाहरण

```
# include < stdio.h >
int main()
{
int m = 5, n;
n = (m == 5 ? 98 : 0);
printf ("m value is % d\n", m);
printf ("n value is % d", n);
}
```

Output

```
m value is 5
n value is 98
```

Special Operator

Operator	Opeator का मतलब	उदाहरण
*	किसी variable का pointer	* m, m variable का pointer
sizeof	किसी variable का size return करता है।	sizeof (m), m variable का size return करता है।
&	किसी variable का address return करता है।	&m, variable m का Address return करता है।

(i) * (operator) का उदाहरण

```
# include < stdio.h >
int main()
{
int * ptr, m;
m = 98
ptr = &m;
printf ("% d", * ptr);
return 0;
}
```

Output 98

(ii) & (operator) का उदाहरण

```
# include < stdio.h >
int main()
{
int m = 98;
printf ("value : % d\n", m);
printf ("Address : % u\", & m);
return 0;
}
```

Output

```
value : 98
Address : 75684894
```

(iii) size of (operator) का उदाहरण

```
# include < stdio.h >
int main()
{
printf ("% d\n", sizeof (int));
printf ("% d\n", sizeof (char));
printf ("% d", sizeof (float));
return 0;
}
```

Output

```
2
1
4
```

Comma Operator

C program में comma operator comma (,) एक separator और operator दोनों की तरह प्रयोग होता है।

Comma as a separator

उदाहरण (i) int m, n, o;

इस declaration में comma एक separator है और compiler को बताता है कि m, n और o अलग-अलग तीन variables हैं।

Comma as a operator

(ii) m = 10, 20, 30; → इसमें m को 10 assign होगा क्योंकि assignment operator (=) की priority comma (,) से ज्यादा होता है।

(iii) Comma as an operator : n = (10, 20, 30); इसमें n को 30 assign होगा क्योंकि right-most value expression मे assign होता है।

2.6 CONSTANT

Constant fixed values को refers करता है। इसका value प्रोग्राम execution में कभी नहीं बदलता है। इसको literals भी कहते हैं। किसी भी datatypes का constant हो सकता है। C program में निम्न प्रकार के constant होते हैं।

TYPES OF CONSTANT :

1. Integer constants
2. Real or floating point constants
3. Character constants
4. String constants
5. Backslash character constants

Integer constants

Integer constant में केवल integer value (–ve or +ve) होते हैं। किसी भी integer constant में कम से कम एक digit अवश्य होने चाहिए। इसमें decimal part नहीं होता है।



Integer constant तीन प्रकार के होते हैं—

(i) Decimal Integer constant

(ii) Octal Integer constant

(iii) Hexadecimal Integer constant

Decimal Integer constant

Decimal constant में 0 से 9 तक के digits या digits का sequence हो सकता है Decimal constant का Base 10 होता है।

उदाहरण : 2
4, 7
965, 35792

Octal Integer constant

Octal Integer constant में 0 से 7 तक के digits या digits का sequence हो सकता है जिसमें zero (0) prefix लगा होता है। अर्थात् पहले 0 और उसके बाद 0 से 7 तक का digit रहता है। इसका base 8 होता है।

उदाहरण : 012,
036,
047

Hexadecimal Integer constant

Hexadecimal constant 0 से F तक के कोई भी combination से बनता है जिसके पहले prefix की तरह ox या OX लगा रहता है। इसका base 16 होता है।

उदाहरण : ox69, OX7A, OX8F

Real या Floating point constants

Floating point constant में integer part, एक decimal point, एक fractional part और एक exponent part होता है। Real या floating point constant में कम से कम एक digit अवश्य होना चाहिए।

Real या Floating point constant दो तरीके से लिखे जा सकते हैं—

1. Fractional form — 5.96, – 99.75
2. Exponential form — 5.9 e 6, – 6.8 e – 9

Character constants

Character constant में केवल एक alphabet, digit या special character हो सकता है जो 'single quotes' के अन्दर रहते हैं।

उदाहरण : 'M', 'n', '9', '7'.

String constants

String constant में alphabets, digit और special characters का combination हो सकता है जो "double quotes" के अन्दर होते हैं। यह किसी भी length के हो सकते हैं।

उदाहरण : "C langulage" "std001p"

Backslash character constants

Backslash character (\) का प्रयोग escape sequence के लिए किया जाता है। सभी escape sequence का एक unique ASCII value होता है। ये non-printable character होते हैं।

उदाहरण : '\t' → (Horizontal Tab)

'\n' → (new line)

'\b' → (control back to one position)

Backslash character constants

(i) इसमें सभी characters back slash (\) से start होते हैं।

(ii) ये Non-printable characters होते हैं।

(iii) सभी escape sequence का अपना unique ASCII value होता है।

प्रोग्राम के साथ Backslash character का उदाहरण

(i) Tab : '\t' character

यह एक Horizontal Tab है।

```
# include < stdio.h >
int main()
{
printf (" C program\t");
return (0);
}
```

printf execution के बाद cursor की position

C program —

(ii) New line character : '\n'

यह एक New line character है।

```
# include < stdio.h >
int main()
{
printf (" C program\n");
return (0);
}
```

printf execution के बाद cursor की position

C program —

(iii) Back space : '\b' character

यह एक Backspace character है।

```
# include < stdio.h >
int main ()
{
printf (" C program\b");
return (0);
}
```

printf execution के बाद cursor की position

C program —

Constant बनाने के नियम

Integer Constant

(i) Integer constant में कम से कम एक digit अवश्य होना चाहिए।
Pointer एक विशेष प्रकार का variable है जो किसी दूसरे variable के address को store अथवा point करता है। Pointer का प्रयोग memory को dynamically allocate करने के लिए किया जाता है। Normal variable किसी value को store करता है लेकिन pointer किसी variable के address को store करता है। Pointer variable को * से denote करते हैं जो variable के नाम के आगे लगा होता है। उदाहरण *ptr, इसमें * यह बताता है कि ptr एक pointer variable है। '&' symbol को variable के address प्राप्त करने के लिए प्रयोग करते हैं। उदाहरण : &ptr.

उदाहरण—

```
int abc = 95;
int *ptr;
ptr = &abc;
```



दिये गये उदाहरण में ptr एक pointer variable है जो abc variable के address को denote करता है।

Pointer declaration का syntax

```
data_type *pointer_variable;
```

उदाहरण—

```
int *pt    // integer pointer variable
char*pt    // character pointer variable
float *pt  // float pointer variable
```

6.2 Pointer Operators

Pointer में दो प्रकार के operators का प्रयोग होता है—

(i) * (indirection operator)

(ii) & (address operator)

operator	name	function
*	indirection operator	यह किसी particular address पर value को store करता है।
&	address operator	यह किसी variable का address बताता है।

6.3 Program

Pointer variable का address और value ज्ञात करने का Cprogram

(i)
```
#include <stdio.h>
int main()
{
   int abc = 85;
   printf("\n.address of abc : %u", & abc);
   printf("\n.value of abc : %d", abc);
   printf("\n.value of abc : %d", * (& abc));
}
```

output :

address of abc : 00ABCCBB (3202501620)
value of abc : 85
value of abc : 85

(ii)
```
#include <stdio.h>
int main()
{
   int abc = 85;    // variable declaration
   int *pt;         // pointer variable declaration
   pt = & abc;      // store address of abc in pointer variable
   printf("\addresss of abc variable : %u", & abc);
   printf("\value of *pt variable : %d\n", * pt);
   return0;
```

Output :

address of abc variable : 00CBCFCA
value of *pt variable : 85

(iii)
```
#include < stdio.h>
int main()
{
   int *ptr, a;
   a = 85;
   printf("\n address of a : %u",&a);
   printf("\n value of a: %d", a);
   ptr = &a;
```

```
    printf("\n address of pointer ptr : %u", ptr);
    printf("\n content of pointer ptr : %d", *ptr);
    return 0;
}
```

Output :

address of a : 002676a1
value of a : 85
address of pointer ptr : 002676a1
content of pointer ptr : 85

(iv) Pointer का प्रयोग करके array के element का access करने का C program

```
#include <stdio.h>
int main()
  {
    int array[6], m;
printf("enter the element;");
for (m = 0; m ≤ 5; m++)
  scanf("%d", (array + m));
printf("entered element is : \n");
for (m = 0; m < = 5; m ++)
printf("%d\n", * (array + m));
  return 0;
  }
```

Output :

Enter the element : 0 1 2 3 4 5
Entered elements are 0 1 2 3 4 5

(v)

```
#include <stdio.h>
  int main()
    {
      int m;
  int m[6] = {0, 1, 2, 3, 4, 5};
    int *ptr = m
  for (m = 0; m ≤ 5; m++)
      {
    printf("%d", *ptr);
        ptr++;
      }
        return 0;
    }
```

Output : 0 1 2 3 4 5

6.4 Array और Pointer में Relation



दिये गये figure में array और array[0] का एक ही address है इसलिए array और &array[0] दोनों equivalent हैं। array[0] और *array भी equivalent हैं।

इस तरह

- array + 1 और &array[1] equivalent हैं।
- *(array + 1) और array[1] equivalent हैं।

- array + 2 और &array[2] equivalent हैं।
- *(array + 2) और array[2] equivalent हैं।

array + i और &array[i] equivalnet हैं।

*(array + i) और array[i] equivalnet हैं।

6.5 Pointer एक Function argument के रूप में

Pointer को किसी भी function में argument के रूप में pass किया जा सकता है। Pointer उस argument के address को Hold किये रहता है। इसे call by reference भी कहते हैं। इसमें जब भी function को call किया जाता है तो reference variable में किसी प्रकार का बदलाव इसके original variable को बदल देता है।

Pointer एक function argument का प्रयोग करके दो संख्याओं को add करने का C Program

```
# include <stdio.h>
int sum (int*, int*);
int main ()
{
int n1, n2, *a, *b, addition;
printf("Enter the two numbers\n");
scanf("%d %d" &n1, &n2);
addition = sum(&n1, &n2);
printf("result: % d\n"addition);
return 0;
}
int sum (int *a, int *b)
{
int addition;
addition = *a +*b;
```

```
return addition;
}
```

इस उदाहरण में n1 और n2 का address, sum() function में argument के रूप में pass हो रहे हैं तथा pointer variable a और b में store हो रहे हैं। *a और *b के addition value के according n1 और n2 के resultant value भी result में store हो रहे हैं।

Pointer का प्रयोग करके दो Numbers को Swap करने का C Program

```
# include <stdio.h>
void swapping (int*m, int*n);
int main ()
{
int p=85; q=95;
printf("value of p "%d\n",p);
printf("value of q : %d\n",q);
swapping (&p, &q);
printf("result after swapping;\n");
printf("p=%d\n, p");
printf("q=%d\n q);
return 0;
}
void swapping (int *m, int *n)
{
int mid;
mid = *m;
*m=*n;
*n = mid;
}
```

Output :

```
value of p : 85
value of q : 95
result after swapping :
p=95
q=85
```

इस उदाहरण में p और q के address, swapping () function में swapping (&p, &q) के द्वारा pass हो रहे हैं और pointers m और n में store हो रहे हैं। जब m और n की values change होती हैं तभी p और q की values भी बदल जाती हैं। जब swapping function के अन्दर m और n की values बदलती हैं तभी main function के अन्दर p और q की values भी बदल जाती हैं।

Pointer का प्रयोग करके two numbers को add करने का C program

```
# include <stdio.h>
int main ()
{
int n1, n2, *a, *b, sum ;
print f("Enter the two numbers\n");
scanf("%d %d"& n1, &n2);
a=&n1;
b=&n2;
sum= *a+*b;
pritntf("result =%d\n", sum);
return 0;
}
output :
Enter the two numbers
89
78
result =167
```

6.6 Dynamic memory allocation

किसी भी program के run time duration में memory allocation की प्रक्रिया को dynamic allocation कहते हैं। Dynamic memmory allocation से memory space को effectively utilize किया जा सकता है। Compile time allocation में किसी भी variable को पहले से ही memory allocate होता है इसे static memory allocation भी कहते हैं। Static memory allocation में पहले से ही fixed size space का allocation होता है जो program execution के समय स्थिर रहता है। इसको बदला नहीं जा सकता है। Dynamic memory allocation में space का wastage नहीं होता है इसमें space allotment की flexibility होती है। Memory management के लिए निम्न प्रकार के library function का प्रयोग करते हैं जो <stdlib.h> header file में predefined होते हैं।

(i) malloc ()

(ii) calloc ()

(iii) realloc ()

(iv) free ()

(i) malloc() : malloc () function का प्रयोग program के execution के समय memory में space allocation के लिए किया जाता है। malloc() program execution के समय allocated memory को initialize नहीं करता है। यह garbage value को carry करता है। अगर यह requested memory को allocate नहीं कर पाता है तो null pointer को return करता है। malloc () function केवल single argument को लेता है।

syntax : malloc (n*size of (int)); (integer data type) के लिए

जहाँ n= number of required/sized space in bytes

उदाहरण : malloc (100*size of (int)); अगर integer 2 bytes लेता है तो यह statement $100 \times 2 = 200$ bytes allocate करेगा।

(ii) Calloc() : Calloc () function का प्रयोग Program के execution के समय memory में space allocation के लिए किया जाता है। malloc () function allocated memory को zero से initialize करता है। यह दो arguments को लेता है। Calloc () function contiguous memory को allocate करता है। calloc () function, malloc () function की अपेक्षा slower होता है।

syntax : calloc (n, size of (int)); (integer data type) के लिए

where n= number of required/sized space in bytes

(iii) realloc() : realloc () function का प्रयोग allocated memory को modify करने के लिए किया जाता है। realloc () function memory से old object को deallocate करके specified size के new object को allocate करता है। realloc () function दो arguments को accept करता है। पहला argument यह denote करता है कि malloc () या calloc () function द्वारा पहले कितना memory allocate किया गया है। दूसरा parameter modified size या new size memory block को indicate करता है। यह <stdlib.h> header file में defined होता है।

Syntax : realloc (ptr, n*size of (int)); integer data type के लिए

where n= number of required/sized space in bytes

(iv) free() : free () function का प्रयोग memory को dynamically deallocate करने के लिए किया जाता है। malloc () और calloc () function के द्वारा allocated memory स्वत: deallocate नहीं होती है। इसे free () functon के द्वारा deallocate करनी पड़ती है। Program का execution समाप्त हो जाने के बाद memory को free करनी पड़ती है ताकि यह future में प्रयोग हो सके।

Syntax : free (*ptr)

6.7 malloc() और calloc() में अन्तर

	malloc()	calloc()
1.	malloc() function, memory का single block को allocate करता है।	calloc() function memory के multiple blocks को allocate करता है।
2.	malloc() function, allocated memory को initialize नहीं करता है।	calloc() function, zero से allocated memory को initialize करता है।
3.	malloc() function, single argument को accept करता है।	calloc() function, दो arguments को accept करता है।
4.	malloc() function fast होता है।	calloc() function slow होता है।

6.8 Program

(i) Dynamic memory allocation का प्रयोग करके largest number प्राप्त करने का C program.

```
# include <stdio.h>
# include <stdlib.h>
int main ()
{
  int i, m;
  int *number;
  printf("Enter numbers of elements;");
  scanf("%d",&m);
  number = (int*) calloc (m, size of (int));
  if (number ==NULL)
  {
    printf("not space variable");
    exit (0);
  }
    for (i=0, i<=m -1;i++)
    {
      scanf("%d", number +i);
    }
      for (i=0;i<=m-1; i++)
      {
        if(*(number +i)>*number)
        {
          *(number +i)=*number;
        }
      }
      Printf("forgest number is %d", *(number +i));
      return 0;
  }
```

Output :

```
Enter number of elements : 6
9 8 7 2 6 1
Largest number is 9
```

(ii) malloc () और free () function का उदाहरण

```
#include <stdio.h>
#include <stdlib.h>
int main ()
{
```

```
int i, m;
int *pt1;
printf ("Enter the numbers of element :");
scanf("%d";&m");
pt1 = (int*)malloc (m*sizeof (int));
printf ("Enter elements\n");
for (i=0; i<=m–1;i++)
scanf("%d", (pt1+i));
print f("\n elements are :\n");
for (i=0; i<=m–1; i++)
printf("%d",*(pt1+i));
free (pt1);
return 0;
```

Output :

Enter the numbers of element : 6
Enter elements :
5 3 4 2 1 6
Elements are
5 3 4 2 1 6

6.9 Pointer to Structure

Structure और उसके members को pointer का प्रयोग करके access किया जा सकता है। members को दो प्रकार से access कर सकते हैं।

(i) indirection (*)operator और (.) dot operator का प्रयोग करके।

(ii) arrow operator (→) का प्रयोग करके।

```
Struct name1
{
  member_1;
  member_2;

  member_n;
};
  int main()
  {
    struct name1 *ptr;
  }
```

Structure with pointer

Pointer और structure का प्रयोग करके employee के detail को access करने का C program

```
#include <stdio.h>
#include <string.h>
struct employee
{
   int id;
   float salary ;
   char name;
   int age;
};
   int main ()
   {
      struct employee detail = {76, 79.5, "ram", 62};
      struct employee *pt1;
      pt1= &detail;
      printf ("detail of employee 1 :\n");
      printf ("id:%d\n",pt1→id);
      printf ("salary : %f\n", pt1→ salary);
      printf ("name : %s\n",pt1→ name);
      printf ("age : %d\n",pt1→ age);
      return 0;
      detail of employee 1:
      id : 76
      salary : 79.5
      name : ram
      age : 62
```

6.10 Function Pointer

Function pointer को subroutine pointer या procedure pointer भी कहते हैं। Function pointer किसी function को point करता है। यह एक variable होता है जो किसी function के address को store करता है।

Declaration

Syntax : return_type (*pointername) (function argument list)

उदाहरण :

int *ptr1 (int, char)

यहाँ पर int एक return type है।

ptr1, function pointer का नाम है।

(int, char) function का argument list है।

उदाहरण :

(i) Function pointer का प्रयोग करके two numbers का addition का C program

```
# include <stdio.h>
int addition (int num1, int num2);
int main ()
{
  int number1 =75;
  int number2 =98;
  int sum;
  int *(*pt1) (int, int);
  pt1 =& addition;
  sum =(*pt1) (number1, number2);
  printf("addition of two numbers :%d", sum);
  return (0);
}
  int addition (int num1, int num2)
  {
    return (num1 +num2);
  }
```

Output

addition of two numbers :173

(ii) Pointer का प्रयोग करके तीन नम्बरों में से greatest number प्राप्त करने का C program

```
# include < stdio.h >
int main()
{
  int num, m, n, o ;
  int *pt1, *pt2, *pt3 ;
  printf(" Enter how many numbers: ");
  scanf("%d ",&num) ;
  printf(" \nEnter first number : ") ;
  scanf("%d ",&m);
  printf("\n Enter second number: ") ;
  scanf("%d ",&n) ;
  printf("i:\n Enter third number : ") ;
  scanf("%d ",&o),
  pt1 = &m ;
  pt2 = &n ;
  pt3 = &o;
  if((*pt1> = *pt2)&&(*pt1> = *pt3))
  printf("\n greatest Number is : %d ",*pt1) ;
```

```
    else
    {
      if(( *pt2> = *pt1) && ( *pt2> = *pt3))
      printf("\n greatest Number is : %d "*pt2;)
      else
      printf("\n greatest Number is : %d ",*pt3);
    }
      return ( 0 );
}
```

```
Enter how many numbers: 3
Enter first number :78
Enter second number :98
Enter third number :88
greatest Number is : 98
```

(iii) Pointer का प्रयोग करके तीन नम्बरों का sum का C program

```
#include <stdio.h>
int main()
{
  int n1, n2, n3, *m, *n, *o, sum;
  printf("Enter three integers :\n");
  scanf("%d%d%d", &n1, &n2,&n3);
  m = &n1;
  n=&n2;
  o=&n3;
  sum = *m + *n+*o;
  printf("Sum of the numbers : %d\n", sum);
  return 0;
}
```

Output;

```
Enter three integers
67 87 88
Sum of the numbers: 242
```

(iii) C program to subtraction of two numbers using pointers

```
#include <stdio.h>
int main()
{
  int n1, n2, add;
  int *ptr1, *ptr2;
  ptr1 = &n1;
  ptr2 = &n2;
```

```
    printf("Enter two numbers:");
    scanf("%d%d", ptr1, ptr2);
    add = *ptr1 *ptr2;
    printf("addition= %d", add);
    return 0;
}
```

(iv) C program to perform all arithmetic operations using pointers

```
#include <stdio.h>
int main()
{
  float n1, n2;
  float *ptr1, *ptr2;
  float add, sub, mult, div;
  ptr1 = &n1;
  ptr2 = &n2;
  printf("Enter any two numbers:");
  scanf("%f%f", ptr1, ptr2);
  add =(*ptr1) + (*ptr2);
  sub = (*ptr1) - (*ptr2);
  mult= (*ptr1) * (*ptr2);
  div =(*ptr1)/(*ptr2);
  printf("addition = %.1f\n", add);
  printf("subtraction = %.1f\n", sub);
  printf ("multiply = %.1f\n",mult);
  printf("division=%.1f\n",div);
  return 0;
}
```

Output :

```
Enter any two numbers : 80  40
addition : 120.0
Subtraction : 40.0
mutiply : 3200.0
division : 2.0
```

▶ प्रश्नावली (Exercise) ◀

1. Pointer क्या होता है? इसका प्रयोग कहाँ किया जाता है? **(UPBTE 2017)**
2. Pointer variable को create, initialize और access कैसे किया जाता है?
3. Null pointer क्या होता है? उदाहरण के साथ समझाइए।
4. Dynamic memory allocation का प्रयोग करके array elements के sum प्राप्त करने का C Program लिखिए।
5. Pointer का प्रयोग करके किन्हीं दो नम्बरों को add करने का C Program लिखिए।
6. Pointer का प्रयोग करके किन्हीं दो नम्बरों में से maximum नम्बर प्राप्त करने का C Program लिखिए।
7. Dynamic memory allocation क्या होता है? उदाहरण के साथ समझाइए। **(UPBTE 2016)**
8. N numbers को array में store करने और उन्हें pointer की सहयता से print करने का C Program लिखिए।
9. Pointer का प्रयोग करके array element को access करने का C Program लिखिए।
10. Pointer का प्रयोग करके किसी string का length प्राप्त करने का C program लिखिए।
11. Pointer का function argument के रूप में कैसे pass करते हैं? C program की सहायता से समझाइए।
12. किन्हीं दो नम्बरों को swap करने का (Pointer की सहायता से) C program लिखिए।
13. निम्नलिखित function को उदाहरण के साथ समझाइए।
    (i) malloc()
    (ii) calloc()
    (iii) free()
    (iv) realloc()
14. एक array को दूसरे array में copy करने का C program pointer का प्रयोग करके लिखिए।
15. Pointer का प्रयोग करके array में किसी element को search करने का C Program लिखिए।
16. Pointer का प्रयोग करके किसी दिए गए नम्बर का factorial प्राप्त करने का C program लिखिए।
17. Pointer का प्रयोग करके किसी array को ascending order में sort करने का C program लिखिए।
18. Pointer का प्रयोग करके किसी string को reverse करने का C program लिखिए।
19. Dynamic memory allocation का प्रयोग करके largest number प्राप्त करने का C program लिखिए।

Unit

7



Structure and Union

7.1 Structure

Structure एक user defined data type है जो विभिन्न प्रकार के data types का collection होता है। जिस प्रकार array केवल एक ही तरह के data type को store करता है उसी प्रकार structure अलग-अलग तरह के data types को एक single datatype में store करता है। structure को struct नाम के key words से represent करते हैं। Structure में अलग-अलग data types के variable को member कहते हैं। Members के लिए अलग-अलग memory allocate होता है। structure का प्रयोग मुख्यत: विभिन्न प्रकार के records को store करने के लिए करते हैं।

उदाहरण—

```
struct student
{
  char std_name [85];
  int std_roll;
  float marks;
  int std_id;
};
```

यहाँ पर structure का नाम student है जिसमें char, int और float type के तीन अलग-अलग data types का प्रयोग हुआ है। जिनका प्रयोग student के record को store करने के लिए हुआ है।

Syntax :

```
struct strcuture_name
{
  data_type member_1;
  data_type member_2;
  data_type member_3;
  .....
  .....
  data_type member_n;
};
```

7.2 Structure Variable Declaration

Structure variable को दो प्रकार से declare कर सकते हैं—

(1) Declaration after structure definition

(2) Declaration in main function.

(i) Syntax of structure variable declaration after definition

```
struct structurename
{
  data_type member_1;
  data_type member_2;
  data_type member_3;

  data_type_member n;
}
  variable(s);
```

उदाहरण—

```
strcut student
{
  char stud_name[85];
  int stud_id;
  int stud_roll;
  float stud_marks;
}
  record;
```

इस उदाहरण में student का नाम का structure है जिसमें stud_name, stud_id, stud_roll और stud_marks, members हैं और record नाम का एक variable create किया गया है। इसी variable से हम student के record को access करते हैं।

(ii) Syntax of structure variable declaration in main() function

```
struct structurename
{
  datatype member_1;
  datatype member_2;
  datatype member_3;
  .....
  .....
  datatype member_n;
};
  int main
  {
```

```
    struct structurename varibale(s);
  }
```

उदाहरण—

```
strcut student
{
  char stud_name[85];
  int stud_id;
  int stud_roll;
  float stud_marks;
};
  int main
  {
    struct student record;
  }
```

इस उदाहरण में structure का नाम student है जिसमें stud_name, stud_id, stud_roll और stud_marks, members हैं। record नाम का variable main function में delcare किया गया है।

7.3 Structure Initialization

Structure में variable को initialize करने पर ही memory allocate होता है। Un-initailize variable को memory allocate नहीं होता है। structure के variable को विभिन्न प्रकार से memory allocate किया जा सकता है।

(i) Declare the variable and initialize

(a)
```
sturct student
{
  char student_name[85];
  int stdu_id;
  int stud_roll;
  float stud_marks;
}
  record = {"rajiv", 198, 75, 75.9};
```

इस उदाहरण में declaration के तुरन्त बाद structure के variable record को initialize किया गया है।

record = {"rajiv", 198, 75, 75.9}

(b) Initialization for multiple variables

```
struct student
{
  char student_name[85];
  int stud_id;
  int stud_roll;
  float stud_marks;
```

```
}
  record 1 = {"rajiv", 198, 75, 75.9};
  record 2 = {"rajiv", 175, 85, 69.8};
```

इस उदाहरण में delcaration के तुरन्त बाद structure के variables, record 1, record 2 को initialize किया गया है।

```
record 1 = {"rajiv", 198, 75, 75.9}
record 2 = {"rajiv", 175, 85, 69.8}
```

(c) Structure के किसी single member का initialization

```
struct student
{
  char stud_name[85];
  int stud_id;
  int stud_roll;
  float stud_marks;
}
  record = {"rajiv"};
```

इस उदाहरण में चार members हैं जिनमें से केवल एक मेम्बर initialize हुआ है। इसके बाकी सभी members default value से स्वत: ही initialize हो जायेंगे।

integer के लिए default value = 0

float के लिए default value = 0.0

char के लिए default value = NULL

(ii) main function के अन्दर declaration और initialization

```
struct student
{
  char stud_name[85];
  int stud_id;
  int stud_roll;
  float stud_marks;
    };
int main ()
    }
    struct student record = {"rajiv" 198, 85, 75.9};
}
```

इस उदाहरण में record नाम का variable है जिसका initialization main function के अन्दर हुआ है।

7.4 Structure Member को Access करना

(i) Structure member को dot [.] operator से access किया जाता है। इसको structure member operator भी कहते हैं। इस [.] operator को variable name और member name के बीच में प्रयोग किया जाता है।

Syntax : variable . member

(ii) Structure member को Pointer operator अथवा arrow operator (—>) से भी access कर सकते हैं। जब हम pointer variable का प्रयोग करते हैं वहाँ हम members को access करने के लिए arrow operator (—>) का प्रयोग करते हैं।

उदाहरण—Stucture creation, declaration और initialization का C program

(i)
```
#include <stdio.h>
struct toy
{
  char toy_name[75];          //structure creation
  int toy_price;
  int toy_wheel;
}
  t1 = {"kidtoy", 95, 4};     //structure declaration and initialization
  int main ()
  {
    printf ("\n toy name : %s", t1.toy-name);
    printf ("\n toy price : %d", t1.toy-price);
    printf ("\n toy wheel : %d", t1.toy-wheel);
    return 0;
```

Output :

```
toy name : kidtoy
toy price : 95
toy wheel : 4
```

(ii)
```
#include <stdio.h>
struct student
{                              //structure creation
  char name[68];
  int roll;
  float marks;
};
  int main ()
  {                            //structure declaration and initialization
    struct student std = {"rajiv", 75, 75.8};
    printf ("\n name : %s", std. name);
    printf ("\n roll number : %d", std. roll);
```

```
        printf ("\n marks : %f", std. marks);
        return 0;
    }
```

Output :

```
name : rajiv
roll number : 75
mark : 75.8
```

(iii) 15 students के record को store करना और से display करने का C program.

```
#include <stdio.h>
struct student
{
  char name [85];
  int roll_number;
  int id;
  float marks;
}
  r[15];
  int main ()
  {
    int m;
    printf ("Enter the record of students : \n");
    for (m = 0; m ≤ 14; m++)
    {
      r[m] · roll_number = m + 1;
      printf ("\n roll number %d, \n", r [m] · roll_number);
      printf ("Enter the name:");
      scanf ("% s", r[m] · name);
      printf ("Enter the id");
      scanf ("% d", & r[m] · id);
      printf ("Enter the marks");
      scanf ("%f ", & r[m] · marks");
  }
    printf ("Display information \n");
    for (m = 0; i ≤ 14; m++)
    {
      printf ("\n Roll number : %d \n", m + 1);
      printf ("Name : %s" r[m] · name);
      printf ("id : %d", r[m] · id);
      printf ("marks; %f ", r[m] · marks);
  }
```

```
    return0;
}
```

Output :

```
Enter the record of students
roll number 1
Enter the name : rajiv
Enter the id : 75
Enter the marks : 75.6
roll number 2
Enter the name : ravi
Enter the id : 85
Enter the marks : 67.8
. . . . . .
```

7.5 Nested Structure

जब एक structure के अन्दर कोई दूसरा structure का प्रयोग करते हैं तो वहाँ पर Nested structure होता है। Nested structure को structure within structure भी कहते हैं जिसमें एक structure का declaration किसी दूसरे structure के अन्दर होता है।

```
struct teacher
{
  char name [65];
  int age;
  int salary;
  struct
  {
    char branch_1 [67];
    char branch_2 [75];
    char branch_3 [68];
  }
    branch;
{
  record;
```

इस उदाहरण में teacher एक strcuture है जिसमें चार members (name, age, salary और branch) हैं। इस structure में एक दूसरा structure, branch नाम का है, जिसमें तीन members (branch_1, branch_2, branch_3) हैं।

इस structure में branch, स्ट्रक्चर के अन्दर innter structure है जबकि outer structure के लिए एक member की तरह कार्य करता है।

उदाहरण—Nested structure का C program

```
#include <stdio.h>
```

```
int main ()
{
  struct employee
  {
    char name [65];
    int id;
    struct
    {
      int da;
      int basic;
      int hra;
    }
      salary;
  };
  struct employee e1, e2;
  printf ("\n Enter the name of employee 1");
  scanf (" % s", e1.name);
  printf ("\n Enter the id of employee 1");
  scanf (" % d", & e1.id);
  printf ("\n Enter the DA of employee 1");
  scanf (" % d", &e1.salary.da);
  printf ("\n Enter the basic of employee 1");
  scanf (" % d", &e1.salary.basic);
  printf ("\n Enter the HRA of employee");
  scanf (" % d", &e1.salary.hra);
  printf ("\n Name of employee_1 : s%", e1.name);
  printf ("\n id of employee_1 : %d", e1.id);
  printf ("\n DA of employee_1 : %d", e1 · salary · da);
  printf ("\n Basic of employee_1 : %d", e1 · salary · basic);
  printf ("\n HRA of employee_1 : %d", e1 · salary · hra);
  getch ();
}
```

इसी तरह हम employee 2 के record को भी enter और display कर सकते हैं।

7.6 Structure with Function

किसी भी structure को हम एक function में argument की तरह pass कर सकते हैं। Structure का definition केवल उस function के अन्दर होगा। अगर हम structure variable को global variable की तरह declare करेंगे तो यह program के सभी function के द्वारा access हो पायेगी।

(i) Passing structure to function by value

(ii) Passing structure to function by address

उदाहरण—**(i) Structure member को argument के रूप में function में pass करने का C program**

```
#include <stdio.h>
struct employee
{
  char name [65];
  int id;
  float salary;
};
  void; emp_func (char name [ ], int id, float salary);
  int main ()
  {
    struct employee emp = {"sumit", 75, 79.8};
    emp_func (emp.name, emp. id, emp. salary);
    return 0;
  }
    void emp_func (char name [ ], int id, float salary)
    {
      printf ("Name : % s\n", name);
      printf ("id : % d\n , id);
      printf ("salary : % f\n", salary);
      printf ("\n");
```

Output:

```
Name : sumit
id : 75
salary : 79.8
```

(ii) Stucture variable को argument के रूप में function में pass करने का C program

```
#include <stdio.h>
struct employee
{
  char name [65];
  int id;
  float salary;
};
  void emp_func (struct employee emp);
  int main ()
  {
    struct employee emp = {"sumit", 75, 79.8};
    emp_func (emp);
    return 0;
```

```
}
  void emp_func (struct employee emp)
  printf ("Name : % s\n", emp. name);
  printf ("id : % d\n", emp. id);
  printf ("salary : % d\n", emp. salary)
```

Output:

```
Name : sumit
id : 75
salary : 79.8
```

(iii) structure pointer को argument के रूप में function में pass करने का C program

```
#include <stdio.h>
struct student
{
  char name [65];
  int id;
  char address [85];
};
  void stud (sruct student*);
  int main ()
  {
    struct student st1 = {"rajiv", 85, "mumbai"};
    stud (&st1);
    return 0;
  }
    void stud (struct student *ptr1)
    {
      printf ("Name : % s\n", ptr1 -> name);
      printf ("id :% d\n", ptr1 -> id);
      printf ("address : % d\n", ptr1 -> address)
    }
```

Output :

```
Name : rajiv
id : 85
address : mumbai
```

(iv) array of structure को argument के रूप में function में pass करने का C program.

```
#include <stdio.h>
struct school
{
  char name [65];
  char address[75];
```

```
    int no_of_student;
}
  void display (struct school sch [ ]);
  int main ()
  {
    struct school board [4] = {"Dps", "delhi", 700}
                              {"Dpst", "mumbai", 800}
                              {"Jnu", "Agra", 900}
                              {"spt", "Lucknow", 750}
  };
    display (board);
    return 0;
  }
    void display (struct school sch[ ])
    {
    int m;
    for (m = 0; m ≤ 3; m++)
    {
      printf ("Name : % \s", sch [m] · name);
      printf ("address : %s\n , sch [m] · address);
      printf ("number of student : % d\n", sch [m] · no_of_student);
    }
  }
```

Output :

```
name : Dps
address : delhi
number of students : 700
name : Dpst
address : mumbai
number of students : 800
name : JNU
address : Agra
number of students : 900
name : Spt
address : Lucknow
numbher of students : 750
```

7.7 Pointer to a Structure

Pointer एक variable होता है जो किसी दूसरे variable के address को point करता है। इसी तरह structure का भी pointer हो सकता है जो structure के variable के address को point करता है।

Pointer to a structure में हम arrow —> द्वारा structure के member को access करते हैं। इसे हम indirection operator से भी access करते हैं।

उदाहरण—Array operator —> द्वारा structure member को access करने का program

```
#include <stdio.h>
struct campus
{
  char name [65];
  int area;
  char address [62];
};
  int main ()
  {
    struct campus camp = {"KMGGP", 81, "Badalpur"};
    struct campus * ptr;
    ptr = & camp;
  print ("name : % s\n", ptr —> name);
  print ("area : % d\n", ptr —> area);
  print ("address : % d\n", ptr —> address);
  return 0;
}
```

Output :

```
name : KMGGP
area = s1
address = Badalpur
```

7.8 Union

Union एक विशेष प्रकार का data type होता है जो विभिन्न प्रकार के data type को एक ही memory space locate करता हैं। Union के members एक ही memory location को share करते हैं। इस data type को 'union' keyword से indicate करते हैं। एक union बहुत सारे member functions के साथ define किया जा सकता है। structure में सभी member का अपना अलग-अलग memory location होता है, परन्तु union के सभी members एक ही मेमोरी को share करते हैं।

Syntax : union union_name

```
{
  datatype member 1;
  datatype member 2;
  datatype member 3;


  datatype member n;
};
```

▌Union variable declaration

Union variable को दो प्रकार से declare कर सकते हैं।

(i) Declaration outside the union definition

```
Union unionname
{
  datatype member_1;
  datatype member_2;
  datatype member_3;


  datatype member_n;
}
  variable (s);
```

(ii) Declaration in main() function

```
Union unionname
{
  datatype member_1;
  datatype member_2;
  datatype member_3;


  datatype member_n;
};
  int main ( )
  {
    union unionname variable;
  }
```

Structure और Union में अन्तर

Union	Structure
(i) Union के सभी members एक ही memory location को share करते हैं।	(i) Structure के प्रत्येक member के लिए अलग-अलग memory allocate होता है।
(ii) Union को define करने के लिए union keyword का प्रयोग करते हैं।	(ii) Structure को define करने के लिए struct keyword का प्रयोग किया जाता है।
(iii) Union केवल एक single value को एक समय में store करता है। एक समय में केवल एक ही member को access किया जा सकता है।	(iii) Structure में multiple value store किया जा सकता है। कोई भी member कभी भी access किया जा सकता है।

(iv) Union का साइज इसके largest size वाले member के बराबर होता है।	(iv) Structure का साइज इसके सभी members के साइज के sum के बराबर होता है।
(v) Vnion में केवल first member एक समय पर initialize होता है।	(v) Structure के सभी members एक साथ initialize हो सकते हैं।

Programs

(i) Union के member को access करने का C program

```
#include <stdio.h>
#include <conio.h>
union customer
{
  char name [65];
  int age;
    char address [72];
  };
    int main ()
    {
      union customer cust_1;
      printf ("Enter the customer name;");
      scanf (" %s", & cust_1.name);
      printf ("Enter the age:");
      scanf (" %d", & cust_1.age);
      printf ("Enter the address");
      scanf (" %s", & cust.address);
      printf ("customer name : %s", cust_1.name);
      printf ("customer age : %d", cust_1.age);
      print ("customer address : %s", cust_1.address);
      getch ();
      return 0;
    }
```

Output :

```
Enter the customer name : sumit
Enter the age : 75
Enter the address : delhi
customer name : sumit
customer age : 75
customer address : delhi
```

(ii) Union members access करने का C Program.

```
#include <stdio.h>
void main()
{
  union display
  {
    int x1;
    float x2;
    char x3;
  };
    union display m;
    printf("Enter the value of x1: ");
    scanf("%d", &m.x1);
  printf("Value of x1 is=%d", m.x1);
  printf("\nEnter the value of x2: ");
  scanf("%f", &m.x2);
  printf("Value of x2 is = %f\n", m.x2);
  printf("Enter the character x3: ");
  scanf("%c", &m.x3);
  prmtf("\Character is = %c", m.x3);
  }
  Enter the value of x1: 90
  Value of x1 is = 90
  Enter the value of x2: 80
  Value of x2 is= 80.0
  Enter the character x3: r
  Character is : r
```

(iii) Union का प्रयोग करके students के record को store करना और access करने का program

```
#include <stdio.h>
union student
{
  char name[85];
  float marks;
  int age;
  int roll;
}
  std1;
  int main()
  {
    printf("Enter the name:\n");
```

```
    scanf("%s", &std1.name);
    printf("Enter the marks: \n");
    scanf("%f', &std1.marks);
    printf("Enter the age:\n");
    scanf("%d", &std1.age);
    printf("Enter the roll number:\n");
    scanf("%d", &std1.roll);
    printf("Name :%s\n", std1.name);
    printf("marks: %.2f\n", std1.marks);
    printf("age :%d\n",std1.age);
    printf("roll number: %d", std1.roll);
    return 0;
  }
```

Output :

```
Enter the name :  rajiv
Enter the marks : 74.50
Enter the age : 72
Enter the roll number : 64
Name : rajiv
Marks : 74.50
age : 72
roll number : 64
```

(iv) Structure का प्रयोग करके तीन नम्बरों के addition का Program

```
#include<stdio.h>
#include<conio.h>
struct addition
{
  int m,n,o;
}
  void main()
  {
    int result1;
    struct addition a;
    printf("Enter three numbers:");
    scanf("%d%d%d",&a.m,&a.n,&a.o);
    result1=a.m+a.n+a.o;
    printf("\nSum=%d", result1);
    getch();
  }
```

Output :

```
Enter the three numbers: 85 75 95
Sum = 255
```

(v) Structure का प्रयोग करके students के records को access करने का program

```
#include <stdio.h>
struct student
{
  char name[98];
  int roll;
  int marks;
  int m[6];
};
  int main()
  {
    int i;
    printf("Enter the detail of students:\n");
    for(i=0; i<=5; i++)
    {
      m[i].roll = i+1;
      printf("\n roll number%d,\n",m[i].roll);
      printf("Enter name:");
      scanf("%s",m[i].name);
      printf("Enter marks: ");
      scanf("%d",&m[i]. marks);
      printf("\n");
    }
    printf("show lnformation:\n\n");
    for(i=0; i<=5; i++)
    printf("\nRoll number: %d\n",i+1);
    printf("Name: ");
    puts(m[i].name);
    printf(" Marks: %d",m[i]. marks);
  }
  return 0;
}
```

Output :

```
Enter the detail of students:
roll number1,
Enter name : Ramanuj
Enter marks : 88
```

```
        roll number2,
        Enter name : Shobhit
        Enter marks : 85
show Information
        roll number1,
        Enter name : Ramanuj
        Enter marks : 88
        roll number2,
        Enter name : Shobhit
        Enter marks : 85
```

(v) C program to read and print average marks of students using structure of array

```
#include <stdio.h>
struct student
{
  char name [70];
  int marks[7];
  int sum;
  float avg ;
}
  int main()
  {
    struct student st1,
    int i;
    printf("Enter name: ");
    scanf("%s",&st1.name);
    printf("Enter marks:\n");
    st1.sum=0;
    for(i=0; i<=6; i++)
  {
    printf("Marks in subject %d : ",i+1);
    scanf("%d",&st1.marks[i]);
    st1.sum= st1.sum+st1.marks[i];
  }
    st1.avg=(float)(st1.sum/7);
    printf("\nName: %s \ntotal_marks: %d \naverage: %f",st1.name,st1.sum,st1.avg);
    return 0;
}
```

Output :

```
    Enter name : Ramanuj
```

```
Enter marks :
Marks in subject 1 : 74
Marks in subject 2 : 92
Marks in subject 3 : 88
Marks in subject 4 : 88
Marks in subject 5 : 76
Marks in subject 6 : 99
Marks in subject 7 : 78
Name : Ramanuj
total_marks : 595
average : 85.0
```

▶ प्रश्नावली (Exercise) ◀

1. Strcuture को कैसे initialize करते हैं? उदाहरण के साथ समझाइए।
2. Strcuture क्या होता है? उदाहरण के साथ वर्णन कीजिए। **(UPBTE 2017)**
3. Strcuture को कैसे declare करते हैं?
4. Strcuture के member को कैसे access करते हैं? उदाहरण के साथ समझाइए।
5. Nested structure क्या होते हैं?
6. Strcuture को एक function के रूप में कैसे pass करते हैं?
7. Union क्या होता है? समझाइए।
8. Strcuture और Union में क्या अन्तर होता है?
9. Union के members को कैसे access करते हैं?
10. C program की सहायता से union member को access करते हुए इसे विस्तार से समझाइए।
11. Structure और array में क्या अन्तर है?
12. Strcuture का प्रयोग करके किसी student के roll number, age, marks, name और stream को store और print करने का C program लिखिए।
13. Structure का प्रयोग करके किन्हीं दो complex number के addition का program लिखिए।
14. Union को कैसे define करते हैं? उदाहरण के साथ समझाइए।
15. Arrays of structure क्या होता है? उदाहरण के साथ समझाइए।
16. किसी structure को create, declare और initialize करने का C program लिखिए।
17. किसी union को delcare, initialize और create करने का C program लिखिए।

❑



Unit

8 File Handling

8.1 File

File, किसी disk पर bytes के sequence को प्रदर्शित (represent) करता है, जहाँ पर related data का group store होता है। File किसी disk पर permanent storage की तरह store होता है। File को handle करने के लिए file handling function का प्रयोग करते हैं।

8.2 Files के प्रकार

(i) Text files

(ii) Binary files

(i) Text files : Text files को किसी भी Text editor का प्रयोग करके create किया जा सकता है। इसे आसानी से पढ़ा जा सकता है। इसको store और save करके modify भी किया जा सकता है। ये .txt (extension) files होते हैं जो alphanumeric, digit, character, space इत्यादि से create किये जाते हैं।

(ii) Binary files : Binary files में केवल 0 और 1 होते हैं। ये .bin files होते हैं जो binary form में computer में save होते हैं। ये आसानी से read नहीं किये जा सकते हैं।

8.3 Files की आवश्यकता

(i) Data को permanently सुरक्षित रखने के लिए files का प्रयोग किया जाता है।
(ii) Files का प्रयोग करके large amount data को आसानी से access किया जा सकता है।
(iii) Files को आसानी से एक computer से दूसरे computer पर transfer किये जा सकते हैं।
(iv) Files का प्रयोग backup के लिए भी किया जाता है।

8.4 File Handling

Files को computer या Hard Disk में सुरक्षित रखने तथा access करने की प्रक्रिया को File handling कहते हैं। File handling में विभिन्न प्रकार के functions का प्रयोग किया जाता है जिन्हें file operation function भी कहते हैं।

8.5 File Operation

File पर मुख्यत: चार प्रकार के operations perform किये जाते हैं—

(i) Creating या opening a file
(ii) Reading a file
(iii) Closing a file
(iv) Writing a file

इन Operations को perform करने के लिए विभिन्न प्रकार के functions प्रयोग किये जाते हैं जो inbuilt functions होते हैं।

8.6 Files handling functions और उनका प्रयोग

Functions	प्रयोग
fopen()	fopen() function का प्रयोग नया file create करने अथवा existing File को open करने के लिए किया जाता है।
fclose()	fclose() function का प्रयोग किसी File को बन्द close करने के लिए किया जाता है।
putc ()	putc() का प्रयोग file पर character को write करने के लिए किया जाता है।
getc ()	getc() function का प्रयोग files से character को read करने के लिए किया जाता है।
getw ()	getw() function का प्रयोग integer को read करने के लिए किया जाता है।
putw ()	putw() function का प्रयोग integer को file पर write पर करने के लिए किया जाता है।
fprintf()	fprintf() function का प्रयोग file में formatted data को write करने के लिए किया जाता है।
fscanf()	fscanf() function का प्रयोग file से formatted data को read करने के लिए किया जाता है।
fputchar()	fputchar( ) function का प्रयोग Keyboard के character input को output screen पर write करने के लिए किया जाता है।
fseek ()	fseek() function किसी दिए गए location पर File pointer को move करने के लिए किया जाता है।
fget char()	fget char() function का प्रयोग Keyboard character को read करने के लिए किया जाता है।
fputs()	fputs( ) function का प्रयोग File पर string को write करने के लिए किया जाता है।
fgets ()	fgets( ) function का प्रयोग Files से string read करने के लिए किया जाता है।
feof()	feof() function का प्रयोग File के end को ज्ञात करने के लिए किया जाता है।
ftell()	ftell( ) function file के current position को बताता है।
rewind ()	rewind( ) function, file pointer position को File के beginning position पर move करता है।
getchar ()	getchar() function का प्रयोग Keyboard से character को read करने के लिए किया जाता है।

8.7 Opening a File

File को open करने या new file create करने के लिए fopen() function का प्रयोग करते हैं। किसी भी file को हम different mode में open कर सकते हैं।

Syntax : FILE pointer_name = fopen ("file_name", "mode");

जहाँ pointer name = user द्वारा दिया गया File pointer का नाम

fopen = file open या new file creation के लिए function

mode = mode यह decide करता है कि file के opening का reason या purspose क्या है?

file_name = जिस File को open करना है उस File का नाम

उदाहरण—

```
#include <stdio.h>
int main()
{
  FILE *ftr
  ftr=fopen ("filename", "mode");
  return 0;
}
```

8.8 File opening mode और उसका उद्देश्य

Mode	Description
r	reading mode में text file open करने के लिए
a	append mode में text file open करने के लिए
w	writing mode में text file create करने के लिए
r+	reading और writing दोनों mode में text file open करने के लिए
w+	reading और writing modes में text file open करने के लिए
rb	Binary file को reading modes में open करने के लिए
wb	Binary file को writing mode में open या create करने के लिए
ab	Binary file को append mode में open करने के लिए
rb+	Binary file को reading और writing दोनों modes में open करने के लिए
wb+	Binary file को reading और writing दोनों modes में open करने के लिए

8.9 Closing a file

File को close करने के लिए fclose() function का प्रयोग करते हैं। कोई भी file, Binary या Text file को close करने के लिए fclose() का प्रयोग किया जाता है।

Syntax : fclose (*file_pointer)

जैसे fclose (*ftr)

उदाहरण—

```
#include <stdio.h>
int main ()
{
  FILE *ftr;
  ftr=fopen ("File1.txt","r");
  fprintf(ftr,"%s", "c language");
  fclose(ftr);
  return (0);
```

प्रोग्राम run करने के बाद File1.txt नाम का file create करेगा जो कि reading mode में होगा और fclose() function से File close होगा।

उदाहरण :

किसी File में character data को write करनें और उसको close करने का C program

```
#include <stdio.h>
#include <conio.h>
void main ()
{
  FILE*ftr;
  char che[85];
  ftr = fopen("File1.txt", "w");
  printf("Enter the text");
  scanf ("%s",&che);
  fprintf(Ftr,"%s, che);
  fclose(Ftr);
  getch();
};
```

8.10 getw() और putw() function

(i) getw() function का प्रयोग file से integer को read करने के लिए किया जाता है। यह एक integer oriented library function है।

Syntax : getw(ftr) जहाँ ftr एक file pointer है।

उदाहरण—

```
#include <stdio.h>
main()
{
  FILE*ftr;
  int a;
  ftr=fopen ("file.txt", "r");
  a=getw(ftr)
```

```
    Printf("%d",a);
    fclose (ftr);
}
```

(ii) Putw() : putw() function का प्रयोग file में integer को write करने के लिए किया जाता है। यह एक library function है।

Syntax : putw(integer, ftr) जहाँ ftr एक file pointer है।

उदाहरण—

```
#include <stdio.h>
main ()
{
    FILE*ftr;
    ftr=fopen("File.txt","w");
    putw (85,ftr);
    fclose (ftr);
}
```

8.11 File से character को Read करना

(i) getc() : File से character को read करने के लिए getc() function का प्रयोग किया जाता है। getc function एक समय में केवल एक character को read करता है। यह एक library function है।

Syntax : getc(ftr); जहाँ ftr एक file pointer है।

(ii) File में character को write करना

putc() : putc() function का प्रयोग किसी file में character को write करने के लिए किया जाता है।

Syntax : putc(char,ftr) जहाँ ftr एक file pointer है।

उदाहरण—

(i) fprintf() function का प्रयोग करके किसी File में Integer data write करने का Program

```
#include <stdio.h>
#include <stdlib.h>
int mian ()
{
    int n1;
    FILE *ftr;
    ftr=fopen ("File1.txt","w");
    Printf("Enter the number");
    scanf ("%d",&n1);
    fprintf(ftr,"%d",n1);
    fclose (ftr);
    return 0;
}
```

Program run होने के बाद user के द्वारा input number, File1.txt File में store करेगा।

(ii) fscanf() function का प्रयोग करके integer data को read करने का C program।

```
#include<stdio.h>
#include <stdib.h>
int main ()
{
  int n1;
  FILE*ftr;
  ftr =fopen ("file1.txt","r");
  fscanf(ftr,"%d",&n1);
  Printf("value : %d", n1);
  fclose (ftr);
  return 0;
}
```

Program, run होने के बाद File1.txt में available integer n1 को read करने के बाद file को close करेगा।

(iii) getc() और putc () function का प्रयोग करके किसी File पर character read और write का C program.

```
#include <stdio.h>
#include <stdlib.h>
int main ()
{
  FILE *ftr;
  char ch1;
  ftr=fopen ("File1.txt","w");
  Printf ("Enter the character");
  while ((ch1=getchar())!=EOF)
  {
    putc (ch1, ftr);
  }
    fclose (ftr);
    ftr =fopen ("File1.txt","r");
    while ((ch1=getc (ftr))!=EOF)
    Printf(("%c",ch1);
    fclose(ftr);
    return 0;
}
```

8.12 fgets() और fputs() function

(i) fgets() : fgets() function का प्रयोग file से string को read करने के लिए करते हैं। यह एक standard library function है।

(ii) fputs() : fputs() function का प्रयोग किसी file में string को write करने के लिए किया जाता है। यह एक standard library function है।

fgets() और fputs() function का उदाहरण।

```
#include <stdio.h>
#include <conio.h>
int main()
{
   FILE *ftr;
   char ch2[82];
   int m=0;
   ftr = fopen ("file1.txt","w");
   Printf("Enter the string:");
   scanf ("%s", ch2);
   fputs(ch2, ftr);
   fclose (ftr);
   ftr =fopen ("file1.txt", "r");
   if (Fgets (ch2, 82, ftr)!=NULL)
   while (ch2[m]!='\0')
   {
      putchar (ch2[m]);
      m++;
   }
      fclose (ftr);
      getch();
}
```

Output :

```
Enter the string : C language
C language
```

8.13 fput char() function

fputchar () एक file handling function है जो standard output या screen पर character को write करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

Syntax : fputchar (char);

उदाहरण—

```
#include<stdio.h>
int mian ()
{
  char ch1='d';
  while (ch1<=t)
  {
    fputchar(ch1)
    ch1++;
  }
    return 0;
}
```

Output :

defghijklmnopqrst

fseek(), ftell () और rewind () function

(i) fseek() : fseek() function का प्रयोग File pointer को किसी location पर move करने के लिए किया जाता है। fseek() में तीन constants का प्रयोग किया जाता है।

(a) SEEK_SET : यह file pointer position को File के beginning पर move करता है।

(b) SEEK_CUR : यह file pointer position को किसी location पर move करता है।

(c) SEEK_END : यह file pointer position को file के end पर move करता है।

(ii) ftell() : ftell( ) function का प्रयोग filepointer का current position को प्राप्त के लिए किया जाता है।

Syntax : ftell(ftr) जहाँ ftr एक file pointer है।

(iii) rwind() : rewind () function का प्रयोग file pointer position को file के beginning पर लाने के लिए किया जाता है।

Syntax : rewind (ftr) जहाँ ftr एक file pointer हैं।

▶ प्रश्नावली (Exercise) ◀

1. Files क्या होते हैं तथा कितने प्रकार के होते हैं?
2. किसी existing file को read करने का C program लिखिए।
3. किसी file के words और character को count करने का C program लिखिए।
4. किसी File को किसी दूसरे नाम में copy करने का C Program लिखिए।
5. किन्हीं दो files को compare करने का C Program लिखिए।
6. किसी file को open या create करने का C Program लिखिए।
7. किन्हीं file पर कौन-कौन से operations perform किये जा सकते हैं।
8. fget() और fput() क्या होते हैं?
9. किसी Text file से specific lines को remove करने का C Program लिखिए।

10. किसी file के lines को count करने का C Program लिखिए।
11. किसी file से word को remove करने का C Program लिखिए।
12. *n* employees के name और salary को read करने और उन्हें file में store करने का C Program लिखिए।
13. निम्नलिखित file handlings को उदाहरण के साथ समझाइए।
    (i) fopen() (ii) fclose() (iii) putc () (iv) getc ( )
14. File opening क्या होता है? उदाहरण के साथा समझाए।
15. fprintf() और fscanf() कहाँ प्रयोग किये जाते हैं? उदाहरण के साथ समझाइए।
16. निम्नलिखित (File handling functions) को वर्णन कीजिए—
    (i) fseek()
    (ii) ftell()
    (iii) rewind ()
17. किसी File के size को प्राप्त करने का C Program लिखिए।
18. File में Text को replace करने का C program लिखिए।
19. File handling क्या होता है? किन्हीं दो File handling functions का वर्णन कीजिए।
20. getw() और Putw() functions को समझाइए।

❑

C Program

Programming exercises on formatting input/output using printf and scanf and their return type values.

Example 1: C Output

```
#include<stdio.h>
int main()
{
  printf(" Programming Language");
  return 0;
}
```

Output :

Programming Language

Integer Output का उदाहरण

```
#include<stdio.h>
int main()
{
  int = 95;
  printf("Number = %d", a);
  return 0;
}
```

Output :

Number = 95

Integer Input/Output का उदाहरण

```
#include<stdio.h>
int main()
{
int a;
printf("Enter an integer: ");
scanf("%d",&a);
  printf ("Number = %d",a);
  return 0;
}
```

Output :

Enter an integer: 95
Number = 95

Float Input/Output का उदाहरण

```
#include <stdio.h>
int main()
{
float a;
  printf("Enter a number:");
  scanf("%f",&a);
  printf("float Value = %f", a);
  return 0;
}
```

Output :

Enter a number: 95.85
Float Value = 95.850000

integer और float input/output का उदाहरण

```
#include<stdio.h>
#include<conio.h>
void main();
{
int m;
float n;
printf("Enter any two numbers: ");
scanf("%d %f",&m,&n);
printf("%d %f",m,n);
getch();
}
```

Output :

Enter any two numbers:
99
99.8

Character Input/output का उदाहरण

```
#include<stdio.h>
int main()
{
  char a;
  printf ("Enter a  character:  ");
  scanf("%c",&a);
  printf (" entered character is %c",a);
  return 0;
}
```

Outut :

Enter a character: a
entered character is : a

C Program to find ASCII Value of a Character

```
#include <stdio.h>
int main( )
{
char ch;
printf("\n Enter any character \n");
scanf("%c",&ch);
printf("\n ASCII value of given character =
%d",ch);
return 0;
}
```

Output :

```
Enter any character: A
ASCII value of given character = 65
```

Programming exercises on executing and editing a C program.

```
#include<stdio.h>
int main()
{
   printf("Hello World");
   return 0;
}
```

Output :

```
Hellow World
```

Program to find the average of two numbers

```
#include<stdio.h>
int main()
{
int n1, n2;
float avg;
printf("Enter first number: ");
scanf("%d",&n1);
printf("Enter second number:");
scanf("%d",&n2);
avg=(float)(n1+n2)/2;
printf("Average of %d and %d is : %.f",
n1,n2,avg);
return 0;.
}
```

Output:

```
Enter first number: 78
Enter second number: 73
Average of 78 and 73 is: 75.5
```

C Program to print Integer enter by user

```
#include<stdio.h>
int main()
{
int m;
printf(" Enter a number: ");
scanf("%d",& m);
printf("\number is :%d",m);
return (0);
}
```

Output:

```
Enter a number : 89
Number is : 89
```

C Program to find Quotient and Remainder

```
#include<stdio.h>
int main()
{
int m,n,q,d ;
printf(" Enter the Number:");
scanf("%d ", &m);
printf(" \nEnter the divisor:");
scanf("\n%d ", &d);
n = m % d ;
q = m/ d;
printf("Quotient is : ");
printf(" %d ", q);
printf(" Remainder is ;");
printf(" %d ", n);
return (0);
}
```

Output :

```
Enter the Number: 87
Enter the divisor :6
Quotient is :14
Remainder is :3
```

C Program to swap two numbers

```
#include<stdio.h>
int main( )
{
int m,n,temp;
printf(" first number:");
scanf("%d ",&m);
printf(" \n second number : ");
scanf("%d ",&n);
printf("\n number Before swapping : ");
printf("\n %d \t %d ", m, n) ;
temp = m ;
m= n ;
n= temp ;
printf("\n number After swapping : ");
printf("\n %d \t %d ", m, n);
return (0);
}
```

Output of Program:

```
first number : 87
second number : 67
number Before swapping :
87 67
number After swapping :
67 87
```

C Program to find the area of circle

```
#include<stdio.h>
int main()
{
